डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति माह की प्रकाशित, सोमवार 01.01.2024 से 06.05.2024 | वर्ष-40 | अंक-1 | पेज ₹ 10.00

विकास पर्व

हर खेत को सिंचाई का पानी और हर घर को नल से जल मिलेगा - मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश में सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ाया जा रहा है। विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से हर खेत तक पानी और जल-जीवन मिशन द्वारा हर घर में नल से जल पहुंचाया जाएगा। कटनी क्षेत्र के लिये 1011 करोड़ रुपये की बहोरीबंद उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना स्वीकृत हुई है। परियोजना से 80 हजार एकड़ में सिंचाई होगी और कटनी तहसील के 5, बहोरीबंद के 86 गांव, रीठी के 17 और स्लीमनाबाद के 43 गांवों को पानी मिलेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कटनी जिले के बड़गांव में विकास पर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कटनी जिले में विकास पर्व कार्यक्रम के दौरान जनसमुदाय को संबोधित करते हुये

कटनी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि इस परियोजना के तहत जल-जीवन मिशन से कटनी जिले में रीठी जनपद के 109 और कटनी जनपद के 50 ग्रामों सहित जिले के पठारी क्षेत्र के 159 गांवों में अब आसानी से घर-घर नल से जल भी पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बहनों के सशक्तिकरण के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में 45 लाख से अधिक लाड़ली लक्ष्मी हैं और लगभग 1.25 करोड़ लाड़ली बहनें हैं। अब 21 वर्ष की बहनों और ट्रेक्टर वाले 5 एकड़ से कम भूमि वाले परिवार की बहनों को भी लाड़ली बहना योजना की पात्रता है। पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण के कारण बहनें सरकार चला रही हैं। लाड़ली बहना योजना की राशि को धीरे-धीरे बढ़ा कर 3000 रुपये तक किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बहनों की इज्जत और मान-सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाता है। शराब के अहाते बंद कर दिये गये हैं।

श्री चौहान ने कहा कि हम सभी विशाल परिवार हैं। प्रदेश में सरकार नहीं परिवार चल रहा है। जिस प्रकार एक परिवार में हर सदस्य के हितों का पूरा ध्यान रखा जाता है, उसी प्रकार प्रदेश में भी हर व्यक्ति के कल्याण के कार्य किये जा रहे हैं। गरीब किसान भाइयों को वर्ष में मिलने वाली सम्मान निधि की राशि 12 हजार रुपये कर दी गई है। गरीब को प्रतिमाह 5 किलो नि:शुल्क राशन दिया जा रहा है। आयुष्मान योजना में वर्ष में 5 लाख रुपये तक के नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी सरकार ने जनकल्याण की बहुत सी योजनाएं बंद कर दीं। किसानों के साथ कर्ज माफी का झूठा वादा कर उन्हें डिफाल्टर बना दिया। हमारी सरकार ने किसानों का 2200 करोड़ रुपये का ब्याज भर कर उन्हें ऋण मुक्त किया है और शून्य प्रतिशत ब्याज पर उन्हें फसल ऋण दिया जा रहा है। पुरानी सरकार ने संबल और तीर्थ-यात्रा बंद कर दी तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना की राशि नहीं दी। हमारी सरकार ने सभी योजनाएं दोबारा चालू कीं। अब बुजुर्गों को हवाई जहाज से भी तीर्थ-दर्शन कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं बेटे-बेटियों की पढ़ाई में पैसों की बाधा नहीं आने दूंगा। बच्चों को किताब, गणवेश, सायकल, लैपटॉप और अब टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी भी दी जाएगी। मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरवाएगी। प्रदेश में एक लाख पदों पर सरकारी भर्ती की जा रही है।

मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाएं

- बड़गांव में उप तहसील बनाई जाएगी।
- पानउमरिया नगर पंचायत का गठन हो रहा है।
- बड़गांव के हायर सेकेण्डरी स्कूल में विज्ञान संकाय प्रारंभ किया जाएगा।
- बाकल के हायर सेकेण्डरी स्कूल के नवीन भवन का निर्माण होगा।
- बहोरीबंद तहसील के बचैया गांव में राजस्व निरीक्षक मंडल का गठन किया जाएगा।
- परसेल के विद्यालय का उन्नयन होगा।

मूंग और उड़द उपार्जन की तारीख 7 अगस्त तक बढ़ी

भोपाल, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित में एक बार फिर समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के उपार्जन की तारीख को 31 जुलाई से बढ़ा कर 7 अगस्त करने का निर्णय लिया है। श्री पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्णय के पालन में आदेश जारी कर दिया गया है।

श्री पटेल ने कहा कि एमएसपी पर उपार्जन के लिये किसान भाई 31 जुलाई 2023 तक स्लॉट बुक कर सकते हैं। श्री पटेल ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का प्रदेश के किसानों की तरफ से आभार व्यक्त किया है।

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

भोपाल में बनेगा राष्ट्रीय मीडिया संग्रहालय - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की महापरिषद की बैठक में जानकारी दी गई कि भोपाल में राष्ट्रीय मीडिया संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में केन्द्रीय स्टूडियो, डिजिटल मीडिया लैब, सिनेमा और भारतीय भाषाओं पर केंद्रित पृथक विभागों तथा भरतमुनि शोध पीठ की स्थापना के प्रस्ताव को अनुमोदित किया। जनवरी 2018 के बाद हुई महापरिषद की बैठक में पूर्व वर्षों के बजट अनुमान, लेखों एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया। विभिन्न प्रबंधकीय विषयों पर भी निर्णय लिए गए। बताया गया कि एशिया के पहले और देश के सबसे बड़े पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को लागू किया गया है। इंडिया टुडे, द वीक जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं द्वारा विश्वविद्यालय को देश के प्रथम 10 शिक्षण संस्थानों में शामिल किया गया है।

महापरिषद ने विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के लिए 7वां वेतनमान लागू करने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की। साथ ही 01 जनवरी 2016 से लागू किए गए 7वें वेतनमान के आधार पर सभी शिक्षकों को एरियर का भुगतान करने की स्वीकृति भी दी गई। संविदा पर कार्यरत शिक्षकों के नियमितिकरण पर भी सहमति हुई। महापरिषद ने अधिवार्षिकी आयु को 60 से 62 वर्ष किए जाने पर भी अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में विश्वविद्यालय के नवीन परिसरों की भी जानकारी दी गई।

बैठक में विश्वविद्यालय के विशनखेड़ी स्थित नवीन परिसर में विद्यार्थियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए रेडियो कर्मवीर की स्थापना को भी स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही शोध पुस्तक लेखन, पीएच.डी. पाठ्यक्रम में सीट वृद्धि संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।

तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब छाता भी दिया जायेगा - मुख्यमंत्री

नीमच, जब मेरी तेंदूपत्ता संग्राहक बहने नंगे पांव जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ने जाती थीं और उनके पैर में कांटा चुभता था तो मुझे बहुत दर्द होता था। भाई मुख्यमंत्री हो, तो बहन नंगे पैर क्यों चले। इसे ध्यान में रख हमने मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना बनाई। योजना में प्रदेश के 15 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक भाई-बहनों को चप्पल, साड़ी, पानी की कुप्पी दी जाती है। अब निर्णय लिया गया है कि संग्राहकों को छाता भी दिया जाये। इसके लिये 200-200 रुपये की राशि उनके खातों में भिजवाई जा रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगरौली जिले में विकास पर्व कार्यक्रम में कहीं।

मुख्यमंत्री ने सिंगरौली जिले के सरई में विकास पर्व के दौरान तेंदूपत्ता संग्राहकों को मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना में चरण पादुकाएं, पानी की कुप्पी और साड़ी प्रदाय की। मुख्यमंत्री ने कुछ तेंदूपत्ता संग्राहक बहनों को अपने हाथों से चप्पलें पहनाईं। उन्होंने 693 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी किया।

श्री चौहान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार, दोनों निरंतर गरीबों की सेवा और कल्याण के कार्य करती रहती हैं। मेरे लिये जनता ही भगवान है। दीन-दुखियों की सेवा भगवान की सेवा से बढ़ कर है। मेरा जीवन गरीबों की सेवा के लिये है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गरीबों को नि:शुल्क अनाज, आवास, स्वास्थ्य एवं सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। प्रदेश में ऐसे गरीबों, जिनके पास आवास के लिये जमीन नहीं है, को मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में पट्टे दिये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना केवल योजना नहीं एक क्रांति है। इससे बहनों का जीवन बदल दिया है। इस योजना से मिलने वाली राशि से महिलाओं का आत्मविश्वास और सम्मान बढ़ा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

किसान समृद्धि केंद्र

किसानों की समृद्धि के लिए प्रयासरत हैं प्रधानमंत्री - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राजस्थान के सीकर में हुए किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान निवास कार्यालय, समत्व भवन से वर्चुअली शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने देशभर के किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान योजना की 14वीं किस्त जारी की। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1 हजार 680 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने किसान कल्याण के लिए कई नई गतिविधियों का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 1 लाख 25 हजार किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किए। ये केंद्र उर्वरक, बीज, उपकरण और मिट्टी परीक्षण जैसी सुविधायें उपलब्ध करायेंगे।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की किसान कल्याण गतिविधियों के लिए उनका आभार माना। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुये लिखा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर योजनाबद्ध तरीके से प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि की लगभग 18 हजार करोड़ रुपये राशि सीधे देश के किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर अन्नदाता की समृद्धि का नव-मार्ग प्रशस्त किया है।

श्री चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने देशभर में 1.25 लाख 'पीएम किसान समृद्धि केंद्रों' की शुरुआत कर अन्नदाता को ऐसा उपहार दिया है, जिससे किसान को खाद, बीज और कृषि यंत्रों के लिए कहीं और जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। आधुनिक खेती के लिए भी इस केंद्र से जानकारी मिलेगी। 'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स' की सुविधा प्रारम्भ होने से अब देश के किसी भी कोने में बैठे किसान को अपनी उपज को बाजार तक पहुंचाना और भी आसान हो जायेगा।

22 जुलाई

आईआईटी मद्रास के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए मुख्य न्यायाधीश

● भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ आईआईटी मद्रास के 60वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने इंस्टीट्यूट के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अब इस बात से सहमत हैं कि कानून प्रौद्योगिकी की बराबरी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा यह अक्सर कहा जाता है कि प्रौद्योगिकी इतनी तेजी से विकसित होती है कि कानून इसकी बराबरी नहीं कर सकता। यह कुछ समय से सच होने लगा है, लेकिन हम अगर एक कदम पीछे मुड़कर देखें तो हमारा इतिहास इस बात का प्रमाण है कि कानून और प्रौद्योगिकी द्वंद्वात्मक संबंध साझा करते हैं। ये दोनों एक-दूसरे को आगे की तरफ धकेल रहे हैं।

● नेशनल टेली मेडिसिन हेल्थ प्रोग्राम की शुरुआत के बाद से अब तक देश के विभिन्न हिस्सों से दो लाख से अधिक कॉल्स मिली हैं। इस उपलब्धि के लिये केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने एक ट्वीट के जरिये देशवासियों को बधाई दी है। नेशनल टेली मेडीसिन हेल्थ प्रोग्राम (टेली मेंटल हेल्थ असिस्टेंट एंड नेटवर्किंग अक्रॉस स्टेट्स : टेली-मानस - 'जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम' का डिजिटल प्रारूप) की शुरुआत सरकार ने अक्टूबर 2022 में की थी, ताकि देश में मानसिक स्वास्थ्य सेवा की उपलब्धता को मजबूत किया जा सके। 31 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में टेली-मानस के 42 से अधिक प्रकोष्ठ कार्यरत हैं। प्रकोष्ठ प्रतिदिन 20 भाषाओं में 1,300 से अधिक कॉल करने वालों को सेवाएं दे रहे हैं।

23 जुलाई

एफएम रेडियो स्टेशन की जल्द होगी ई-नीलामी

● सरकार 284 शहरों में 808 एफएम रेडियो स्टेशन के लिए जल्द ही ई-नीलामी करेगी। यह जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने सामुदायिक रेडियो सम्मेलन (उत्तर) को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा सरकार ने रेडियो स्टेशन विशेष रूप से सामुदायिक रेडियो के संचालन के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रियाओं को भी आसान बना दिया है। सरकार रेडियो संचार की पहुंच को और बढ़ाने के मकसद से जल्द ही ई-नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि भारत में इस समय 26 राज्यों और पांच केंद्रशासित प्रदेशों के 113 शहरों में 388 एफएम रेडियो स्टेशन हैं। सरकार अब रेडियो सेवाओं का और विस्तार करने के लिए जल्द ही 284 शहरों में 808 चैनल की ई-नीलामी करने की योजना बना रही है।

● गृह मंत्रालय ने आदेश संख्या 02/01/2020- सार्वजनिक (भाग-III) दिनांक 30.12.2021 से भारतीय डंडा संहिता, 2002 में संशोधन किया है, जिसके तहत भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने या मशीन से बने, कपास/पॉलिएस्टर/ऊन/रेशम/खादी बंटिंग से बना होगा। इसके अलावा आधिकारिक प्रदर्शन के लिए दिशा-निर्देशों के अनुसार आधिकारिक प्रदर्शन के लिए सभी अवसरों पर झंडा केवल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप होगा और उनके मानक चिह्न वाले ध्वज का उपयोग किया जाएगा।

24 जुलाई

न्यूयॉर्क के ब्रूकलिन ब्रिज से टकराई क्रेन

● अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में क्रेन की टक्कर लगने से ब्रूकलिन ब्रिज का स्टील बीम टूट गया। यह हादसा तब हुआ जब क्रेन को जहाज पर रखकर ले जाया जा रहा था। क्रेन की ऊंचाई ज्यादा होने की वजह से वो ब्रिज से टकरा गई। हालांकि, इसमें कोई घायल नहीं हुआ। इस ब्रिज को बनाने का काम 1869 में शुरू हुआ था। इसे बनाने में 14 साल लगे थे। साल 1964 में इसे नेशनल हिस्टोरिकल प्लेस घोषित किया गया। ये 6 लेन का ब्रिज है। इस ब्रिज से रोजाना लगभग 1 लाख 16 हजार व्हीकल, 30 हजार लोग और 3 हजार साइकिल सवार गुजरते हैं। 1915 से पहले इसे ईस्ट रिवर ब्रिज कहा जाता था, लेकिन बाद में इसे आधिकारिक तौर पर ब्रूकलिन ब्रिज कर दिया गया। इस ब्रिज को जॉनसन एं रॉबलिंग ने डिजाइन किया था।

● सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रोविडेंट फंड (PF) अकाउंट पर 8.15 प्रतिशत ब्याज को मंजूरी दे दी है। एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) ने मार्च में ब्याज दरें 0.05 प्रतिशत बढ़ाने की सिफारिश की थी, जिसे सरकार ने मंजूरी दी है। देश के 6 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी PF के दायरे में आते हैं। EPFO एक के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस DA का 12 प्रतिशत PF अकाउंट में जाता है। कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी प्लस DA का 12 प्रतिशत कंट्रीब्यूट करती है। कंपनी के 12 प्रतिशत कॉन्ट्रीब्यूशन में से 3.67 प्रतिशत PF अकाउंट में जाता है और बाकी 8.33 प्रतिशत पेंशन स्कीम में जाता है।

25 जुलाई

चार करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल

● वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अब तक चार करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। इनमें से 80 लाख को रिफंड जारी हो चुके हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग ने 2022-23 में 16.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर एकत्र किया है। यह गत वर्ष से 17.67 प्रतिशत अधिक है। बता दें, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए अब तक 4 करोड़ से अधिक इनकम टैक्स रिटर्न यानी ITR दाखिल हो चुके हैं। ITR भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई है। कई करदाताओं ने अभी तक अपना रिटर्न दाखिल नहीं किया है।

● वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि आयकर विभाग के पास उपलब्ध सूचना और व्यक्तिगत करदाताओं की ओर

से दाखिल आयकर रिटर्न (आईटीआर) में घोषित आय में तालमेल नहीं होने के आधार पर भेजे गए एक लाख नोटिस का निपटान मार्च, 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। ये नोटिस 50 लाख रुपये से अधिक आय वाले लोगों को विभाग के पास उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर जारी किए गए हैं। इसके अलावा, आईटीआर नहीं भरने वालों को भी नोटिस भेजे गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि सीबीडीटी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर भेजे गए 55,000 नोटिस की समीक्षा का काम मई, 2023 में पूरा कर लिया था।

26 जुलाई

अबू धाबी में मिला कोरोना वायरस मर्स का मरीज

● संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में मिडिल ईस्ट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम कोरोना वायरस (मर्स) का एक मामला सामने आया है। इसकी पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने की है। अबू धाबी के 28 वर्षीय व्यक्ति में यह वायरस मिला है। यह वायरस आमतौर पर ऊंटों और अन्य जानवरों में पाया जाता है। संक्रमित जानवरों या पशु उत्पादों के संपर्क में आने से यह इंसान से दूसरे इंसान में फैलता है। कई मामले ऐसे भी सामने आए हैं जिसमें इस बीमारी ने घातक रूप दिखाया है। 2012 में पहली बार इस वायरस की पहचान होने के बाद अबू धाबी में यह पहला मामला है।

● राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के तहत विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को गुणवत्ता, कौशल विकास, बहुविषयक पढ़ाई और शोध पर विशेष काम करना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित संस्थागत विकास योजना तैयार करने के दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसमें विश्वस्तरीय गुणवत्ता और मानकों के आधार पर अपने बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के साथ अगले 25 सालों को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक विकास के नए लक्ष्य निर्धारित करने होंगे। यूजीसी के चेयरमैन प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार के अनुसार इस नई पहल के जरिए भारत के विश्वविद्यालय अपने लक्ष्य और विकास की रूपरेखा तय कर सकेंगे।

27 जुलाई

सिक्किम में मिलेगा 12 महीने का मातृत्व अवकाश

● सिक्किम सरकार अपने कर्मचारियों को 12 महीने का मातृत्व अवकाश और एक महीने का पितृत्व अवकाश देगी। यह लाभ प्रदान करने के लिए सेवा नियमावली में बदलाव किया जाएगा। इससे सरकारी कर्मचारियों को अपने बच्चों और परिवार की बेहतर देखभाल करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही इसकी विस्तृत जानकारी अधिसूचित की जाएगी। बता दें, मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के तहत नौकरीपेशा महिला छह महीने या 26 सप्ताह के सवेतन मातृत्व अवकाश के लिए अधिकृत हैं।

● नीदरलैंड के तट के पास 3,000 कारों को ले जा रहे एक मालवाहक जहाज में आग लग गई। भीषण आग की चपेट में आने की वजह से चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। डच तटरक्षक के अनुसार इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हैं, जिन्हें नीदरलैंड के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। रेस्क्यू अभियान के लिए लाइफ बोट तथा हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया। अधिकारी आग लगने की वजह की जांच कर रहे हैं।

28 जुलाई

स्टार चिन्ह वाले नोट पूरी तरह वैध

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्ट किया है कि स्टार चिन्ह वाले नोट पूरी तरह वैध हैं। यह नोट अन्य नोटों के समान ही हैं। दरअसल कुछ नोटों में स्टार का निशान नोट के नंबर और उसके पहले दर्ज होने वाले अक्षरों के बीच लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने यह स्पष्टीकरण नोटों के नंबर पैनल में स्टार निशान होने पर उनकी वैधता को लेकर कुछ आशंकाएं जाहिर होने के बाद दिया है।

● केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर परिवेश में ऐसा कोई नहीं है, जो भारत को निवेश और नवाचार के लिए एक बहुत विश्वसनीय, व्यवहार्य और तेजी से उभरते गंतव्य के रूप में नहीं देखता है। अपने कठिन प्रयासों की बदौलत भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अगले 10 साल में 10 अरब डॉलर के साथ बड़ एप्रोच हासिल करने के लिए तैयार है, जिसे पाने में चीन को 25-30 साल लग गए।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
ADMISSION OPEN
PARAMEDICAL
LIMITED SEATS

MPT	Masters of Physiotherapy - (Ortho/ Neuro/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT	
BPT	Bachelor of Physiotherapy*	4½ yrs Degree Course
BMLT	Bachelor of Medical Lab Technology*	3 yrs Degree Course
B.Sc	Human Nutrition*	3 yrs Degree Course
DMLT	Diploma in Medical Lab Technology*	2 yrs Diploma Course
DDT	Diploma in Dialysis Technology*	2 yrs Diploma Course

Diploma in
• Anesthesia Technician • Optometric Refraction
• X-Ray Radiographer • Cath lab Technician

*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology

0755 - 400 5203, 5295, 5281
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.)

R-48855/2023

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 31 31.07.2023 से 06.08.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
- सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

जनता का सुख-दुख मेरा सुख-दुख - मुख्यमंत्री

जनता का सुख-दुख मेरा सुख-दुख है। प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिये मैं दिन-रात काम कर रहा हूं। विकास पर्व के तहत पूरे प्रदेश में विकास का महायज्ञ चलाया जा रहा है। अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास तथा भूमिपूजन किया जा रहा है। सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई के लिये पानी तथा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री चकल्दी में विकास पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने चकल्दी में 81 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन किया। उन्होंने चकल्दी में महाविद्यालय खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अनेक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण उत्पादन कम होता था। खेती में किसानों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब अनेक सिंचाई परियोजनाओं से हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने का काम किया जा रहा है। चकल्दी में लोकार्पित पाटतलाई उद्वहन सिंचाई योजना से पाटतलाई, अमीरगंज एवं पलाश पानी जैसे पहाड़ी गांव के खेतों तक सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध होगा और तीनों गांवों के 661 किसानों की 889 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमोनिया और चतरकोटा सिंचाई योजना का भी भूमिपूजन किया गया है। धीरे-धीरे विभिन्न सिंचाई योजनाओं से हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाया जाये। पहले पीने के पानी के लिये भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब नर्मदा का जल घरों तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी समय इस पूरे इलाके में आने-जाने के रास्ते नहीं थे। कहीं भी आने-जाने में पूरा दिन लग जाता था। जनता के लिये यह अकल्पनीय था कि यहां अच्छी सड़कें बनेंगी। अब चारों तरफ शानदार सड़कों का जाल बिछाया गया है। कई सड़कों का भूमिपूजन हुआ। खेत सड़क भी बनायी जायेंगी। जितनी सड़कें हमारी सरकार ने बनायी हैं, उतनी गत 50 वर्षों में नहीं बनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कृषि क्षेत्र में प्रदेश में क्रांति हो रही है। किसान वर्ष में 3 फसल ले रहे हैं। राज्य में मूंग खरीदी का काम चल रहा है। किसान कल्याण योजना में छोटे से छोटे किसान को वर्ष में 12 हजार रुपये की राशि प्राप्त हो रही है। हमारी सरकार में कृषि का उत्पादन बढ़ा है और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। किसानों को 18 प्रतिशत ब्याज पर मिलने वाला फसल ऋण अब शून्य प्रतिशत ब्याज पर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले पैसों के अभाव में बहनों को, बच्चों तथा घर की जरूरतों को पूरा करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से महिलायें अपनी छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर पा रही हैं। योजना में बहनों के खातों में एक-एक हजार रुपये की राशि डाली जा रही है। इस राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर 3 हजार रुपये तक किया जायेगा।

ज्यादा मीठा खाना हो सकता है हानिकारक

भारत सहित दुनिया के कई मुल्कों में मीठा अत्यन्त लोकप्रिय है। यूरोपीय और अमेरिकी देशों के लिये कहा जाता है कि आइसक्रीम, केक और चॉकलेट के ज्यादा सेवन की वजह से यहां के लोग दांतों की बीमारी के ज्यादा शिकार होते हैं, इसी तरह हमारे देश भारत में भी किसी भी धर्म का त्योहार हो या खुशी का कोई और मौका बिना मिठाई के मनाया ही नहीं जाता है, लेकिन हाल ही में हुये एक अध्ययन में यह बात सामने आयी है कि ज्यादा मीठे का सेवन मनुष्य शरीर के लिये हानिकारक हो सकता है। खासकर मनुष्य की आंत इससे ज्यादा प्रभावित होती है। आंतों में सूजन के ज्यादातर मामले इससे जुड़े हुये हैं। मीठा कम खाना आंत की सूजन रोकने में मददगार हो सकता है। अमेरिका में हुये एक अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। अध्ययन में बताया गया है कि शहरी जीवन शैली, शक्कर की मात्रा अधिक लेने से आंत की सूजन के मरीज दुनियाभर में बढ़ रहे हैं। सोडा और कैंडी जैसी चीजों के जरिये मीठा सबसे ज्यादा शरीर में पहुंच रहा है। पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय में हुये हालिया अध्ययन के मुताबिक अत्यधिक शक्कर का सेवन आंत के लिये हानिकारक हो सकता है। अध्ययन के लिये शोधकर्ताओं ने चूहों को दो समूहों में बांटा। एक समूह के चूहों को उच्च चीनी आहार और दूसरे समूह को मानक आहार दिया गया। उच्च शक्कर आहार वाले सभी चूहों की आंतों में सूजन के चलते नौ दिनों में मौत हो गई, इसके विपरीत मानक आहार पर सभी चूहे 14 दिन के प्रयोग के अंत तक जीवित रहे। अध्ययन के लेखक और पिट्स स्कूल में बाल चिकित्सा और इम्यूनोलॉजी के सहयोगी प्रोफेसर टियोथीहैंड ने बताया कि उच्च शर्करा आहार वाले चूहों की बड़ी आंत में वृहदान्त्रशोथ और प्रतिरक्षा कोशिकाओं से भर गई थी। यह दर्शाता है कि रोगाणुयुक्त चूहों के लिये उच्च शर्करा आहार नुकसानदेय साबित हुआ।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस 30 जुलाई

जीवन के हर सुख-दुख का साथी है सच्चा मित्र

दार्शनिक ओशो ने कहा है कि, "इस संसार में मित्रता शुद्धतम् प्रेम है, मित्रता प्रेम का सर्वोच्च रूप है, जहां कुछ भी मांगा नहीं जाता, कोई शर्त नहीं होती, जहां बस दिया जाता है।"

इसी तरह मित्र कैसा हो और उसका चयन कैसे हो इस बारे में आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अपने निबंध मित्र में लिखा है कि, मित्र उसी को चुनना चाहिए, जिसमें हमसे अधिक आत्मबल हो। इसके अलावा वह विश्वासपात्र, साफ दिल वाला, मृदुल और सच बोलने वाला हो। मित्र का कर्तव्य इस प्रकार बताया गया है - 'उच्च और महान कार्य में इस प्रकार सहायता देना, मन बढ़ाना और साहस दिलाना कि तुम अपनी निज की सामर्थ्य से बाहर का काम कर जाओ।' यह कर्तव्य उससे पूरा होगा, जो दृढ़-चित्त और सत्य-संकल्प का हो। इससे हमें ऐसे ही मित्रों की खोज में रहना चाहिए। जिनमें हमसे अधिक आत्मबल हो। हमें उनका पल्ला उसी तरह पकड़ना चाहिए, जिस तरह सुग्रीव ने राम का पल्ला पकड़ा था। मित्र हों तो प्रतिष्ठित और शुद्ध हृदय के हों। मृदुल और पुरुषार्थी हों, शिष्ट और सत्यनिष्ठ हों, जिससे हम अपने को उनके भरोसे पर छोड़ सकें, और यह विश्वास कर सकें कि उनसे किसी प्रकार का धोखा न होगा।

दोस्ती के कार्ड बांटने का शुरू हुआ सिलसिला

दोस्ती के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले इस दिन की शुरुआत सन् 1919 में हुई, जिसका श्रेय हॉलमार्क कार्ड्स के संस्थापक जॉप्स हॉल को जाता है। लोगों को इस दिवस को मनाने के लिए अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप डे पर कार्ड भेजने के लिए प्रेरित किया गया। उन दिनों शुरू हुआ यह सिलसिला बदस्तूर आज भी जारी है। हां लेकिन समय के साथ अब कार्ड्स की जगह वॉट्सएप मैसेज, डिजिटल कार्ड, वीडियो, इंस्टाग्राम और एफबी पोस्ट ने ली है।

सन् 1958 के 30 जुलाई को औपचारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय फ्रेंडशिप डे (विश्व मैत्री दिवस) की घोषणा की गई थी। डॉक्टर आर्टमिओ ने अपने दोस्त ब्राचो के साथ परागवे नदी के पास राशि भोजन किया था। पहली बार परागवे में ही इस दिन को मनाया गया था। तब से, 30 जुलाई को हर साल परागवे में मैत्री दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसे कई अन्य देशों द्वारा भी अपनाया गया है।

इस वर्ष की थीम

यह दिवस हर वर्ष एक विशेष थीम में मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम दोस्ती के जरिए मानवीय गुणों को साझा करना (Sharing the human spirit through friendship) है हमारी दुनिया कई चुनौतियों, संकटों और विभाजन की ताकतों का सामना कर रही है - जैसे गरीबी, हिंसा और मानवाधिकारों का हनन - और भी कई अन्य - जो दुनिया के लोगों के बीच शांति, सुरक्षा, विकास और सामाजिक सद्भाव को कमजोर कर रहे हैं। इन संकटों और चुनौतियों का सामना करने के लिए, मानवीय एकजुटता की साझा भावना को बढ़ावा देने की जरूरत है। इसे हम दोस्ती के जरिये सरलता से हल कर सकते हैं।

सौहार्द्र के बंधन को जमा करके और विश्वास के मजबूत संबंधों को विकसित करके - हम उन मूलभूत बदलावों में योगदान कर सकते हैं जिनकी स्थायी स्थिरता प्राप्त करने के लिए तत्काल आवश्यकता है।

दक्षिण अमेरिकी देशों में जुलाई महीने को काफी पावन माना जाता है, इसलिए

जुलाई के अंत में ही इस दिन को मनाते हैं। यूनाइटेड नेशंस ने भी इस दिन पर अपनी मुहर लगा दी थी। अंतर्राष्ट्रीय मैत्री दिवस (अथवा फ्रेंडशिप डे) प्रत्येक वर्ष विश्व के कई देशों में मनाया जाता है। हालांकि दोस्ती का यह त्योहार दुनियाभर में अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है, लेकिन इसके पीछे की भावना हर जगह एक ही है - 'दोस्ती का सम्मान'। दक्षिण अमेरिकी देशों से शुरू हुआ यह त्योहार उरुग्वे, अर्जेंटीना, ब्राजील में 20 जुलाई को, पराग्वे में 30 जुलाई को, जबकि भारत, मलेशिया, बांग्लादेश आदि दक्षिण एशियाई देशों सहित दुनियाभर के बाकी देशों में यह अगस्त महीने के पहले रविवार को मनाते हैं।

संचार ने बनाया लोकप्रिय

विश्व मित्रता दिवस या World Friendship Day दोस्ती मनाने के लिए एक दिन है। यह दिन कई दक्षिण अमेरिकी देशों में तब काफी लोकप्रिय उत्सव हो गया था जब इसे पहली बार 1958 में पराग्वे में 'अंतर्राष्ट्रीय मैत्री दिवस' के रूप में मनाया गया था। शुरुआत में ग्रीटिंग कार्ड उद्योग द्वारा इसे काफी प्रमोट किया गया, बाद में सोशल नेटवर्किंग साइट्स के द्वारा और इंटरनेट के प्रसार के साथ-साथ इसका प्रचलन, विशेष रूप से भारत, बांग्लादेश और मलेशिया में फैल गया। इंटरनेट और सेल फोन जैसे डिजिटल संचार के साधनों ने इसे लोकप्रिय बनाया।

वर्ल्ड फ्रेंडशिप क्रूसेड ने यूनाइटेड नेशन को 30 जुलाई को मित्रता दिवस के रूप में मनाने का आग्रह किया। तब 1997 में तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान ने विनी द पूह को मित्रता का ब्रैंड एम्बेसडर बना दिया। संयुक्त राष्ट्र ने 27 अप्रैल 2011 को प्रतिवर्ष 30 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाने की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की-मून ने कहा, 'इस अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर, चलिए हम सौहार्द्र का माहौल बनाएं, जो हमारी मानवता को मजबूत करे और मानव जाति के कल्याण को प्रोत्साहित करे।' इसका अंतर्निहित विचार देशों में, लोगों में और भिन्न-भिन्न मूल की संस्कृतियों में मित्रता को प्रोत्साहित करना है, जिससे कि उनके बीच शांति और मैत्री का संबंध और मजबूत हो। संयुक्त राष्ट्र विभिन्न समुदाय और संस्कृति वाले देशों और लोगों के बीच स्वस्थ संवाद को बढ़ावा देने हेतु अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, सरकारों और सामान्य लोगों को ईवेंट और अन्य गतिविधियां आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

दोस्ती का सेहत पर असर

दोस्ती न सिर्फ व्यक्ति को मानसिक तौर पर मजबूत बनाती है बल्कि स्वास्थ्य पर भी उसका सकारात्मक असर पड़ता है। जिसके पास सच्चे मित्र होते हैं वह खुश रहता है और तनाव भी उसे कम होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है। किसी गंभीर दुख जैसे तलाक, बीमारी, बेरोजगारी या किसी अपने की मौत के गम को भुलाने जैसी तकलीफ को दूर करने में भी एक दोस्त की भूमिका सबसे खास हो सकती है। व्यक्ति में मौजूद बुरी आदतें जैसे अधिक शराब पीना, व्यायाम न करना उन्हें छुड़वाने में भी दोस्त एक सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। जब बात बढ़ती उम्र में साथ निभाने की आती है तो परिवार से ज्यादा दोस्त सबसे विश्वसनीय विकल्प साबित होते हैं। अमेरिकी की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी की रिसर्च कहती है कि जब हमारी उम्र बढ़ रही होती है तो दोस्त ही कई तरह से मददगार साबित होते हैं। शोधकर्ता विलियनचपिक ने इसे समझने के लिए दुनियाभर के लगभग 99 देशों के 2 लाख से ज्यादा लोगों पर सर्वे किया था।

आज जब पूरी दुनिया कई तरह की चुनौतियों, संकट जैसे गरीबी, हिंसा, मानव अधिकारों की दुर्दशा का सामना कर रही है। ऐसी स्थिति में शांति, सुरक्षा, विकास और सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है मित्रता। पूरे विश्व में मानवता को बरकरार रखने और विश्व की सुंदरता को बनाए रखने के लिए जरूरी है मित्रता। एक राष्ट्र एक विश्व को मजबूत और समृद्ध करने के लिए जरूरी है मित्रता और इस मित्रता को बनाए रखने के लिए यूनेस्को द्वारा देशों के मध्य सांस्कृतिक स्थानांतरण कार्यक्रम किए जाते हैं।

आज जिस तकनीकी युग में हम जी रहे हैं, उसने लोगों को एक-दूसरे से काफी करीब ला दिया है। लेकिन साथ ही साथ इसी तकनीक ने हमसे सुकून का वह समय छीन लिया है जो हम आपस में बांट सकें। आज हमने पूरी दुनिया को तो मुट्ठी में कैद कर लिया है, लेकिन इसके साथ ही हम खुद में इतने मशगूल हो गए हैं कि अपनों से ही दूर हो गए हैं।

इतिहास और पौराणिक कथाओं में प्रसिद्ध मित्रता के किस्से

कृष्ण-सुदामा : कृष्ण-सुदामा की मित्रता की कथा बहुत प्रचलित है। सुदामा गरीब ब्राह्मण थे और कृष्ण द्वारिका के राजा। लेकिन जब सुदामा के आने की खबर कृष्ण को मिलती है, तो वह द्वार पर दौड़ते हुए आकर मिलते हैं। बिना सुदामा के कुछ बताये कृष्ण उनकी परेशानी को जानकर उसे दूर भी करते हैं।

चैतन्य महाप्रभु-पंडित रघुनाथ: चैतन्य महाप्रभु बचपन से ही बेहद प्रतिभाशाली थे। माता-पिता उन्हें प्यार से निमाई कहते थे। निमाई के एक बहुत गहरे मित्र थे पंडित रघुनाथ वह न्याय पर एक ग्रंथ लिख रहे थे। तभी उन्हें पता चला कि उनके मित्र निमाई भी उसी विषय पर ग्रंथ की रचना कर रहे हैं। वह जानकर पंडित रघुनाथ ने निमाई से वह ग्रंथ देखने की इच्छा जताई। उस समय निमाई गंगा की ओर जा रहे थे। पंडित रघुनाथ के कहने पर उन्होंने ग्रंथ साथ में रख लिया। नाव में बैठकर निमाई ने ग्रंथ पढ़ना शुरू किया। जैसे-जैसे वह ग्रंथ पढ़ते जाते, वैसे-वैसे पंडित रघुनाथ का चेहरा फीका पड़ता जाता। वह रोने लगे। निमाई ने पूछा, 'क्या बात है, मित्र! रो क्यों रहे हो?' रघुनाथ बोले, 'निमाई, मैंने अथक प्रयासों के बाद न्याय पर एक ग्रंथ लिखा है, पर तुम्हारी अवधारणाओं और विचारों के आगे वह कुछ भी नहीं।' निमाई मुस्कराते हुए बोले, 'बस मित्र इतनी-सी बात के लिए परेशान हो रहे हो!' इसके बाद उन्होंने झट अपना ग्रंथ गंगा को समर्पित कर दिया और बोले, 'यह तो मात्र मेरे द्वारा रचित एक ग्रंथ है। मित्र के लिए तो मैं उसके प्राण भी दे सकता हूं।' निमाई का त्याग देखकर पंडित रघुनाथ दंग रह गए और बोले, 'मित्र, तुम महान हो और तुम्हारी महानता को सभी याद रखेंगे।'

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंदौर

Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises, Government of India

(इण्डो–जर्मन टूल रूम, इन्दौर)

iGTR

291–बी, 302–ए, सेक्टर–ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.)–452015
ई–मेल: trg@igtr-indore.com, Ph.: 0731–4210700, 4210709, 4210743

एससी एसटी के उम्मीदवारों के लिए ट्यूशन फीस मि:शुल्क

एससी एसटी के उम्मीदवारों के लिए आयु में 3 वर्ष की छूट

प्रवेश सूचना–2023-24

ए.आई.सी.टी.ई./एन.सी.व्ही.टी. स्वीकृत डिप्लोमा/आई.टी.आई पाठ्यक्रम

इंजीनियरिंग क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर

सभी कोर्सेस में SC/ST छात्रों को ट्यूशन फीस निःशुल्क एवं उम्र में 3 साल की छूट

इंडो जर्मन टूल रूम, इन्दौर में निम्न कोर्सेस संचालित किये जा रहे है, सभी कोर्सेस AICTE अथवा NCVT से मान्यता प्राप्त है। इन सभी कोर्स की उद्योगों में बहुत मांग है तथा रोजगार की संभावना भी अत्यधिक है।

क्र.	कोर्स का नाम	कोर्स की अवधि	न्यूनतम पात्रता	कोर्स की मान्यता	
1	एडवांस डिप्लोमा इन टूल एण्ड हाई मेकिंग (ADTDM)	4 साल	गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण (सामान्य 60%) (अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग 50%) दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 19 वर्ष	AICTE	समूह 'A' के लिए स्कैन करें
2	डिप्लोमा इन मेकाट्रोनिक्स (DIM)	3 साल			
3	डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस (DICS)	3 साल			
4	डिप्लोमा इन वोकेशन प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी (D Voc)	3 साल	10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष		
5	सर्टिफिकेट कोर्स इन मशीनिष्ट ट्रेड	2 साल	गणित एवं विज्ञान विषय सहित 10वीं उत्तीर्ण दिनांक 01/08/2023 को आयु सीमा 15 से 23 वर्ष	NCVT (ITI)	समूह 'B' के लिए स्कैन करें
6	सर्टिफिकेट कोर्स इन फिटर ट्रेड	2 साल			
7	सर्टिफिकेट कोर्स इन वेल्डर ट्रेड	1 साल			

- क्रमांक 1 से क्रमांक 7 के लिए आवेदन फॉर्म कॉलेज में आकर या क्यू आर कोड स्कैन करके जमा कर सकेंगे।
- क्रमांक 1 से क्रमांक 7 के लिए प्रवेश कॉलेज लेवल काउंसिलिंग आधार पर 12/07/2023 से शुरु हो चुके हैं।
- क्रमांक 5 से क्रमांक 7 के कोर्सेस में प्रवेश के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य है।
- अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.igtr-indore.com देखे एवं कॉलेज में आकर जानकारी प्राप्त करें। कोर्स के फॉर्म वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।
- प्रशासन एवं परिस्थिति के अनुसार किसी भी दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है।

deepak

सम्पर्क : सोमवार से शनिवार सुबह 9.30 से शाम 5:00 तक

291/बी–302/ए, सेक्टर–ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर– 452015

7415816011 अथवा 9977703559 पर Whatsapp द्वारा भी जानकारी प्राप्त कर सकते है

R-48856/2023

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

लैटरल एण्ट्री के माध्यम से प्रवेश

(द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर)

डिप्लोमा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को बी.टेक./बी.फार्मेसी तथा आई.टी.आई. उत्तीर्ण उम्मीदवारों को डिप्लोमा पाठ्यक्रम में

(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी संस्थान)

ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2023-24 (C-15)

प्रथम चरण

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	01.08.2023 से 09.08.2023 सायं 5:00 बजे तक
रजिस्ट्रेशन में सुधार (Edit Registration) ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के उपरान्त, ऑनलाइन सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, जो केवल एक बार के लिये ही रहेगी।	10.08.2023 से 11.08.2023 सांय 5:00 बजे तक
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना। प्राथमिकता क्रम (Choice filling) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी	03.08.2023 से 13.08.2023 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता सूची।	14.08.2023
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	18.08.2023 से 24.08.2023 सायं 5:00 बजे तक

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।
28.08.2023 से 05.09.2023 रात्रि 11:45 बजे तक	04.09.2023 से 06.09.2023 प्रात: 10:30 बजे से

उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये

08.09.2023 से 15.09.2023 रात्रि 11:45 बजे तक	12.09.2023 से 15.09.2023 प्रात: 10:30 बजे से

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग के लिये निर्धारित तिथि पर संस्था में प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।
- काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्ती करण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं
म.प्र. माध्यम/111054/2023 **आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

R-48861/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P. – 462 011, (GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./11406/22/D-12/NIT-Maint./2023 **Bhopal, Dated : 24.07.2023**

NOTICE INVITING TENDER No. 235/MTN/2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

1. **Table No. 1 :- Name of Work** : Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)	S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Ashoknagar	1	5014421.00	11	Khandwa	1	3380028.00
2	Betul	1	3322601.00	12	Khargone	3	11433960.00
3	Bhind	1	5460661.00	13	Narsinghpur	4	31089575.00
4	Burhanpur	1	1903788.00	14	Raisen	2	6968243.00
5	Chhindwara	1	13254540.00	15	Sagar	3	29363167.00
6	Dewas	3	28432256.00	16	Shajapur	4	31354875.00
7	Dhar	2	48519711.00	17	Sehore	1	1517370.00
8	Indore	5	105202985.00	18	Shivpuri	1	1493292.00
9	Jabalpur	1	12016186.00	19	Ujjain	1	8996708.00
10	Katni	3	15837660.00	20	Vidisha	2	11706075.00

2. **Table No. 2 :- Name of Work** : Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)	S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Agar Malwa	1	4182335.00	7	Indore	3	24778702.00
2	Balaghat	2	16404159.00	8	Khargone	2	29835694.00
3	Betul	2	29057392.00	9	Narmadapuram	1	11559711.00
4	Burhanpur	1	13418728.00	10	Narsinghpur	2	12559585.00
5	Chhindwara	2	40132685.00	11	Satna	1	8010306.00
6	Dhar	1	4782533.00	12	Ujjain	1	7766902.00

3. **Table No. 3 :- Name of Work** : Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)	S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Betul	1	25663599.00	7	Khargone	1	18794560.00
2	Bhopal	2	12157127.00	8	Narmadapuram	1	6313711.00
3	Chhatarpur	1	13148675.00	9	Sehore	1	3712373.00
4	Jabalpur	1	13726623.00	10	Sheopur	1	815546.00
5	Katni	1	8072299.00	11	Shajapur	1	9365923.00
6	Khandwa	2	11867864.00	12	Ujjain	1	4078226.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **26.07.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/110992/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

R-48857/2023

SHREEJEE DEGREE COLLEGE

KHANDWA ROAD, KHARGONE
Approved by DHE and Affiliated to DAVV Indore
College Code : INS2823

V A C A N C Y

Principal : 01
Professor/Associate Professor/
Assistant Professor for :

Mathematics, Chemistry, Botany, Commerce, Management, SCWM, Hindi, English, Computer Science, Zoology

Qualification and pay scale per UGC norm and College Code – 28

All interested candidate send their CV on Email id **sjdckgn@gmail.com** on or before **10.08.2023**

R-48854/2023 **DIRECTOR**

कलेक्टर बांध और नदियों के जल-स्तर की सतत निगरानी करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास पर्व में अभी तक हुई गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलेवार समीक्षा कर मैदानी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश के मौसम में बांध, नदियों और नालों के जल-स्तर की सतत निगरानी का कार्य जारी रहे। मौसम विभाग से समन्वय कर मौसम रिपोर्ट लेकर बाढ़ की स्थिति का आकलन कर बचाव की कार्ययोजना बनायें। बारिश के मौसम में सड़कों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। जहां सड़कों की मरम्मत की जरूरत है वहां तत्परता से मरम्मत कार्य भी करवायें। श्री चौहान ने कहा कि सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें कि खनिज मद के कार्य समय पर प्रारंभ हो जायें। श्री चौहान ने कहा कि सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि जिन जिलों में मूंग की खरीदी चल रही है वहां किसानों को कोई दिक्कत न हो। मूंग खरीदी कार्य को पूरी गंभीरता से लिया जाये। इस कार्य में किसी भी प्रकार का गतिरोध न हो। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 32 जिलों में मूंग एवं उड़द के उपार्जन का कार्य प्रगति पर है। किसानों को समय पर राशि का भुगतान किया जा रहा है।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 238/MTN/2023

No./11662/22/D-12/NIT-Maint./2023 **Bhopal, Dated : 27.07.2023**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

1. Table No. 1 : Name of Work - Repair/Maintenance of the Rural Roads for five years constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 5 Year) :-

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Agar Malwa	1	3710317.00
2	Betul	1	22682225.00
3	Bhind	2	22078086.00
4	Bhopal	1	2707590.00
5	Chhindwara	5	73213142.00
6	Damoh	1	17136246.00
7	Gwalior	1	3675611.00
8	Jabalpur	1	7069574.00
9	Katni	1	3586897.00
10	Mandla	2	47094408.00
11	Narsinghpur	3	45031141.00
12	Raisen	1	3701510.00
13	Rajgarh	1	7691888.00
14	Ratlam	1	5159700.00
15	Rewa	3	46918550.00
16	Sagar	3	20044293.00
17	Satna	1	10660429.00
18	Sehore	2	22565522.00
19	Seoni	7	80911844.00
20	Sheopur	1	6999544.00
21	Ujjain	2	28003379.00
22	Umaria	2	23648596.00
23	Vidisha	2	9203397.00

2. Table No. 2 : Name of Work - Repair/Maintenance of the Rural Roads for five years constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 10 Year) :-

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Agar Malwa	1	22310344.00
2	Anuppur	1	9209501.00
3	Alirajpur	1	2956729.00
4	Barwani	2	17551826.00
5	Burhanpur	2	17235976.00
6	Chhindwara	6	75805239.00
7	Datia	1	3937927.00
8	Dhar	1	19213706.00
9	Dindori	5	75038335.00
10	Gwalior	1	4095803.00
11	Jabalpur	1	733941.00
12	Khandwa	1	27720720.00
13	Khargone	2	17192874.00
14	Mandla	3	50298328.00
15	Narsinghpur	1	1171354.00
16	Ratlam	1	7223710.00
17	Rewa	2	18503579.00
18	Sagar	1	5914615.00
19	Seoni	9	121125551.00
20	Shahdol	2	36928898.00
21	Shajapur	1	10836463.00
22	Shivpuri	1	19261220.00
23	Vidisha	2	7419879.00

3. Table No. 3 : Name of Work - Repair/Maintenance of the Rural Roads for five years constructed under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna (Post 15 Year) :-

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Agar Malwa	1	2250193.00
2	Anuppur	1	12061386.00
3	Chhindwara	2	15846249.00
4	Datia	1	15622321.00
5	Dewas	1	6563245.00
6	Jhabua	1	7056816.00
7	Mandla	3	64420645.00
8	Neemuch	1	2308671.00
9	Rajgarh	1	28925953.00
10	Rewa	3	28403662.00
11	Satna	1	7862937.00
12	Sehore	1	11455402.00
13	Seoni	4	45177771.00
14	Shahdol	2	36076551.00
15	Sidhi	4	37148101.00
16	Singrauli	1	3534385.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 02.08.2023 from 17:30 hrs.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/111067/2023 **(TENDER)**

R-48866/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.–462011
No./11642/FA/WB/CMGSY/2023 Bhopal, Dated : 26.07.2023

IFB No. WB–74/1126

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https:www.mptenders.gov.in** for Implementation of Engineering Improvements of Blackspots under Community Participatory Road Safety Program for selected stretches under Madhya Pradesh Road Development Corporation (MPRDC) Bhopal in Dhar (Ujjain Division) as under :-

S. No.	Name of District	Number of Packages	Total Estimated Cost (In Rs.)
1.	Ujjain	1	5005000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **27.07.2023 from 17.30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/111055/2023 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

R-48862/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र.02, फ्लेट क्र. 303 एवं 304 थर्ड फ्लोर साक्षी ग्रीन बिल्डिंग, हरदील गार्डन के फ्रन्ट पर सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 03/2023-24

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, ग्वालियर संभाग क्र.-2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2023-24 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_293757_1 है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.08.2023 तक खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/110996/2023

R-48858/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-462011

NOTICE INVITING TENDER No. 236/MTN/2023 (BW)

No./11496/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 26.07.2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

Name of work : Repair/Maintenance of Rural Roads.
Name of work : Post 10 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Ujjain	1	6954700.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **27.07.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/111030/2023 **(TENDER)**

R-48860/2023

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
REGIONAL OFFICE, INDORE : 101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, INDORE-452007 (M.P.)
Phone : (O) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629
महज तीन साल की उम्र से ही माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र की संपोषणीय पहल के लिए काम कर रही भारतीय मूल की सात वर्षीय मोक्षा रॉय को ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री ओलिवर डाउडेन ने प्लॉइट्स ऑफ लाइट पुरस्कार से सम्मानित किया है। मोक्षा को जरुरतमंद बच्चों की मदद के लिए धनराशि जुटाने समेत कई संपोषणीय अभियानों में काम से पहचान मिली है। उन्हें दुनिया की सबसे छोटी संपोषणीय पैरोकार के रूप में खिताब मिला है।

साइप्रस

बिल्लियों में फैली महामारी

साइप्रस में कोविड जैसे वायरस से बिल्लियां मर रहीं हैं। 3 लाख बिल्लियों की मौत की जानकारी सामने आयी है। पिछले सप्ताह कैट प्रोटेक्शन एंड वेलफेयर सोसायटी (पीडब्ल्यूएस) साइप्रस के प्रमुख डिनोस अयियोमामिटिस ने दावा किया था कि उनके देश में बिल्लियां फेलिन संक्रामक पेरिटोनिटिस से मर रही हैं। बिल्लियों का द्वीप माने जाने वाले साइप्रस के दावे से ब्रिटेन, लेबनान, तुर्की और इजरायल में चिंता को बढ़ा दिया है।

पिटा लिमजारोएनराट

थाईलैंड में प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हुये बाहर

थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने मूव फॉरवर्ड पार्टी

नीति, आठ घटक दलों के नेता और 42 वर्षीय सांसद पिटा लिमजारोएनराट के प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने की दौड़ पर फिलहाल विराम लगा दिया। संवैधानिक अदालत ने राज्य चुनाव आयोग के पिटा के संसद के सदस्य के रूप में कर्तव्यों से निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की है। ज्ञात रहे कि उनकी पार्टी ने मई आम चुनावों में शीर्ष पर रहते हुये गठबंधन बनाया है। कुछ दिनों पहले यह गठबंधन सीनेट से प्रारंभिक पर्याप्त समर्थन हासिल करने में नाकामयाब रहा था।

आईपीएस मनोज यादव

आरपीएफ के डीजी बने

सीनियर आईपीएस ऑफिसर मनोज यादव को रेलवे सुरक्षा बल का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। हरियाणा कैडर के 1988 बैच के आईपीएस ऑफिसर यादव, संजय चंदर का स्थान लेंगे, जो 31 जुलाई को रिटायर हो रहे हैं।

ताइवान में

भूकंप का संकेत देने वाली ओरफिश दिखी

ताइवान में समुद्र तट के पास गोताखोरों को एक विशाल ओरफिश दिखी है। इसका एक वीडियो सामने आया है। उसके शरीर पर घाव जैसे छेद हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कुकी-कटर शार्क ने उन्हें चोट पहुंचाई। स्थानीय लोग मानते हैं कि इसका दिखना भूकंप आने का संकेत देता है।

सृष्टि धर्मेन्द्र शर्मा ने

स्केटिंग का गिनीज रिकॉर्ड बनाया

भारत की सृष्टि धर्मेन्द्र शर्मा ने सबसे तेज लिंबो स्केटिंग में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुये नया गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 50 मीटर की दूरी 6.94 सेकंड में तय की। इससे पहले उन्होंने 2021 में यह दूरी 7.38 सेकंड में तय कर रिकॉर्ड बनाया था। रिकॉर्ड के लिये सृष्टि ने 51 बाधाएं पार की हैं।

चेतना जोशी

इस वर्ष की मिसेज इंडिया बनीं

मध्यप्रदेश की चेतना जोशी इस वर्ष की मिसेज इंडिया चुनी गयी हैं। वे योग ट्रेनर हैं और एमटीवी रोडीज में भी नजर आ चुकी हैं। 29 वर्षीय चेतना ने 13 जुलाई से श्रीलंका में हुये इस इवेंट में अपनी किस्मत 75 प्रतिभागियों के बीच बनायी है। उन्होंने बुद्धि चातुर्य का प्रदर्शन करते हुये जज पैनल द्वारा पूछे गये सभी सवालों के जवाब देकर विजेता बनने का द्वार खोल दिया था।

ब्रिटेन में

नीलाम होगी 121 वर्ष पुरानी चॉकलेट

ब्रिटेन में सौ वर्ष से भी ज्यादा (121 वर्ष) पुरानी चॉकलेट को नीलाम किया जा रहा है। 26 जून 1902 को ब्रिटेन के तत्कालीन राजा एडवर्ड सप्तम और रानी एलेक्जेंड्रा के राज्याभिषेक के अवसर पर कैडबरी कंपनी ने इस खास चॉकलेट को बनाया था। इसके डब्बे पर किंग और क्वीन की तस्वीर भी बनी है। यह चॉकलेट 9 वर्ष की अवस्था में मैरी एन ब्लेकमोर को उपहार स्वरूप मिली थी। अब उनकी 72 वर्षीय पोती जीन थॉपसन इसकी नीलामी कर रही हैं।

शाहरुख खान

वन-डे वर्ल्ड कप 2023 के ब्रांड एम्बेसेडर बने

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले वन-डे विश्वकप 2023 के लिये शाहरुख खान को ब्रांड एम्बेसेडर बनाया है। इस कप के टीजर को शाहरुख ने अपनी आवाज दी है। टीजर फैंस को मैसेज देता है कि यह आईसीसी वन-डे विश्व कप है, जिसके लिए कभी सपना देखा गया था।

जिम अरिंगटन

90 वर्ष की उम्र में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता जीती

अमेरिका में लॉस एंजिल्स के 90 साल के जिम अरिंगटन ने बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता जीत ली। इसी साल मई में 90 साल के हुये जिम ने कहा है कि वे पहले अपने शारीरिक गठन को लेकर संतुष्ट नहीं थे, लेकिन इसी बात ने उन्हें शरीर को बनाने के लिये प्रेरित किया। आरिंगटन को 2015 में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने दुनिया के उम्रदराज बॉडी बिल्डर के रूप में शामिल किया था। खास बात यह है कि आरिंगटन हफ्ते में 3 बार ही जिम जाते हैं और सिर्फ दो घंटे तक वजन उठाते हैं।

मिसिसिपी नदी में

कैनोइंग का नया रिकॉर्ड बना

डोंगी (छोटी नाव) में 4 लोगों की टीम ने इटास्का से मैक्सिको की खाड़ी तक मिसिसिपी नदी में सबसे तेज नाव चलाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। स्कॉट मिलर, जडसन स्टीन बैक, पॉल कॉक्स और वैली वेडरिच ने 16 दिन, 20 घंटे, 16 मिनट में यात्रा पूरी की। पहले कैनोइंग का यह रिकॉर्ड 17 दिन, 19 घंटे और 46 मिनट का था।

इराक

स्वीडन के राजदूत को निष्कासित किया

स्वीडन में पवित्र पुस्तक के अपमान मामले पर इराक के प्रधानमंत्री ने स्वीडन के राजदूत को निष्कासित करने और स्वीडन से इराक के कार्यवाहक दूत को वापस बुलाने का आदेश दिया। यह जानकारी देते हुये इराक के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा स्वीडन के राजदूत दूतावास पर धावा बोलने के कुछ घंटों बाद यह आदेश जारी किया गया। स्वीडन के दूतावास को आगामी आदेश तक बंद कर दिया गया है।

गीगी हदीद

सुपर मॉडल को मिली जमानत

हॉलीवुड की सुपर मॉडल और अभिनेत्री गीगी हदीद और उनके मित्र लिआ मैक्काथी को मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार किये जाने के बाद 1,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाकर जमानत पर रिहा कर दिया गया। हदीद और मैक्काथी निजी विमान से कैमेन आइलैंड पहुंचे थे। उनके सामान की जांच के दौरान मादक पदार्थ मिले थे। तभी से वे हिरासत में थीं। 12 जुलाई को हदीद और उनके मित्र ने कोर्ट के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया था।

वुहान लैब

अमेरिका ने बंद की फंडिंग

अमेरिका ने चीन की वुहान वायरोलॉजी लैब को फंड देने से इंकार कर दिया है। यह फंडिंग रिसर्च वर्क के लिये दी जाती थी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस फंडिंग से जुड़ा बिल संसद से भी पास करा लिया है। चीन पर आरोप है कि उसने कोविड-19 से जुड़े तमाम लीक दस्तावेजों को नष्ट कर दिया है। उसने कोविड-19 में मरने वालों का डेटा भी नष्ट कर दिया। इस आधार पर अमेरिका ने इसकी फंडिंग बंद कर दी है।

सूरत में

दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय बना

सूरत में एक ऐसी इमारत बनकर तैयार हुई है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन बताया जा रहा है। इस इमारत का नाम सूरत डायमंड बोर्स है, इससे पहले अमेरिका के वर्जीनिया राज्य के आर्लिंगटन शहर में स्थित रक्षा विभाग की इमारत पेंटागन को दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन होने का दर्जा प्राप्त था। 35 एकड़ में फैली 7.1 मिलियन वर्गफुट से ज्यादा की जमीन और 15 मंजिल वाली इस इमारत के निर्माण में कुल 3 हजार करोड़ रुपये खर्च हुये हैं।

ब्रिटिश पासपोर्ट पर

अब लिखा मिलेगा 'हिज मेजेस्टी'

सत्तर वर्षों से अधिक साल बाद ब्रिटेन के पासपोर्ट पर अब शब्द बदलने जा रहे हैं। अब इन पर 'हिज मेजेस्टी किंग चार्ल्स तृतीय' लिखा जायेगा। नये पासपोर्ट जल्द जारी होना शुरू हो जायेंगे। मौजूदा पासपोर्ट वैध रहेंगे। यह प्रक्रिया कुछ चरणों में तब तक होगी जब तक कि 'हर मेजेस्टी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय' के नाम पर जारी किये गये पासपोर्ट के सभी शेष वैकलॉग समाप्त नहीं हो जाते हैं।

डॉक्टर एमी बेरा को

चैंपियन ऑफ हेल्थकेयर इनोवेशन अवॉर्ड मिला

चिकित्सक से नेता बने 58 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर को अमेरिका में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा को किफायती और सुलभ बनाने में उनके योगदान के लिये चैंपियन ऑफ हेल्थकेयर इनोवेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद बेरा ने सम्मान मिलने पर खुशी प्रकट की है।

स्मृति शेष

धारावाहिक लापतागंज के अरविंद कुमार का निधन

लापतागंज धारावाहिक के प्रसिद्ध अभिनेता अरविंद कुमार जो कि चौरसिया बाबू नाम से पॉपुलर थे, उनका अल्पायु में निधन हो गया है। सिंटा के अध्यक्ष मनोज जोशी ने अभिनेता के निधन की जानकारी दी है। अरविंद अन्य कई धारावाहिकों में अपने अभिनय के लिये जाने जाते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 ग्वालियर

फोन नं. : 0751-2371231, ईमेल : eepwd1gwl@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 26/टी.सी./डी-1 ग्वा./2023-24 **दिनांक : 14.07.2023**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 26 ग्वालियर दिनांक 14.07.2023 द्वारा प्रचलित भवन/सड़क कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 15.09.22/25.03.2022 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1.

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	(1) ठेके की अनु. लागत राशि रु. (2) अमानत राशि	टेण्डर फार्म की राशि (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	पंजीयन श्रेणी
1.	2023_ PWDRB_ 291766_1	लोक निर्माण संभाग ग्वालियर अंतर्गत स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा शताब्दीपुरम से ग्राम भदरौली मार्ग तक 4.00 कि.मी. फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य (विद्युत पोल शिफ्टिंग सहित)	1. 1820.74 लाख 2. 1000000/-	30000/- + (पोर्टल चार्ज)	05 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

कुल कार्य संख्या - 01 (एक)

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरंभ तिथि 15.07.2023 सायं 17.30
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **04.08.2023 सायं 17.30**
ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि 07.08.2023 प्रातः 11.00

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री

जी-17355/48865/2023 **लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 ग्वालियर**

कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम

Email - jdwcdhos@mp.gov.in, Telephone No. - 07574-253251

क्रमांक/1065/मवाविः/स्था./2023 **नर्मदापुरम, दिनांक : 24.07.2023**

विज्ञप्ति
मानदेय आधारित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना

म.प्र. शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्र./3440/1784/2019/50-2 (ए.एन.) भोपाल दिनांक 21.08.2019 एवं आयुक्त, महिला एवं बाल विकास म.प्र. भोपाल का पत्र क्र./मवावि/आईसीडीएस/2023/1791/ दिनांक 09.05.2023 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम के जिला - बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम में महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पूर्णतः अस्थाई (मानसेवी) एवं मानदेय आधारित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु पात्र महिलाओं के जिलेवार निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

क्र.	जिले का नाम	परियोजना	वर्तमान में रिक्त पदों की संख्या			माह जनवरी-24 से जून-24 की अवधि में रिक्त होने वाले पदों की संख्या		
			आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	आंगनवाड़ी सहायिका	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता	आंगनवाड़ी सहायिका	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता
1.	बैतूल	भीमपुर	1	0	0	3	4	0
2.	बैतूल	आमला	0	0	0	5	1	0
3.	बैतूल	भैंसदेही	0	0	0	4	2	0
4.	बैतूल	चीचोली	0	0	0	0	1	0
5.	बैतूल	बैतूल ग्रामीण	0	0	0	4	1	0
6.	बैतूल	घोड़ाडोंगरी	1	0	0	1	1	0
7.	बैतूल	मुलताई	0	0	0	0	5	0
8.	बैतूल	प्रभातपट्टन	0	0	0	3	3	0
9.	बैतूल	शाहपुर	0	0	0	0	5	0
10.	बैतूल	बैतूल नवीन	0	0	0	1	1	0
11.	बैतूल	आठनेर	0	0	0	0	1	0
	जिले का योग -		**2**	**0**	**0**	**21**	**25**	**0**
12.	हरदा	हरदा ग्रामीण-1	0	0	0	1	1	0
13.	हरदा	हरदा शहरी	0	0	0	1	0	0
14.	हरदा	खिरकिया	0	0	0	2	4	0
15.	हरदा	टिमरनी	0	0	0	1	2	0
	जिले का योग -		**0**	**0**	**0**	**5**	**7**	**0**
16.	नर्मदापुरम	माखननगर	1	1	0	3	1	0
17.	नर्मदापुरम	नर्मदापुरम ग्रामीण	0	1	0	3	2	0
18.	नर्मदापुरम	केसला	0	0	0	1	1	0
19.	नर्मदापुरम	पिपरिया	0	1	0	1	2	0
20.	नर्मदापुरम	सिवनी मालवा	0	1	1	0	0	0
21.	नर्मदापुरम	सोहागपुर	0	0	0	0	2	0
	जिले का योग -		**1**	**4**	**1**	**8**	**8**	**0**
	महायोग -		**3**	**4**	**1**	**34**	**40**	**0**

- आंगनवाड़ी केन्द्रवार/ग्रामवार/वार्ड वार वास्तविक रिक्त पदों की जानकारी एवं नियम, निर्देश, शर्तें, आवेदन का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं से संबंधित जानकारी के लिये संबंधित जिला कार्यालय एवं विकासखंड स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।
- जिस ग्राम/वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है, आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम एवं शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना चाहिये।
- जिन आंगनवाड़ी केन्द्रों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये विज्ञप्ति जारी की जा रही है, उनके संबंध में यदि कलेक्टर/अपर कलेक्टर/संभाग आयुक्त/अपर आयुक्त के न्यायालय अथवा माननीय उच्च न्यायालय में यदि कोई वाद प्रचलित है अथवा भर्ती प्रक्रिया के दौरान कोई वाद निर्मित होता है तो माननीय न्यायालय का निर्णय अंतिम होगा अर्थात चयन एवं नियुक्ति माननीय न्यायालय के निर्णय के अधीन रहेगी।
- संबंधित महिला आवेदिका अपने पूर्णतः भरे आवेदन पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित जिले की बाल विकास परियोजना कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से **दिनांक 21.08.2023 तक** कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में जमा कराकर प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं।
- कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, महिला एवं बाल विकास, नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम के पते पर प्रेषित आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

संयुक्त संचालक

जी-17410/48867/2023 **महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम संभाग, नर्मदापुरम**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल
Mobile No. 9425601534 , ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.- मप्रपुआअविनि/486/पयं/भोपाल-02/तशा/2023
भोपाल, दिनांक 26.07.2023

प्रेस विज्ञप्ति

''बाह्य विद्युतीकरण कार्य :- 33/0.4 के.व्ही. 2X315 के.व्ही.ए. विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कार्य, 100 बिस्तर अस्पताल गोविन्दपुरा भोपाल हेतु निविदा क्रमांक-05/2023-24 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. - 2023_MPPHC_294493_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 16.08.2023 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111075/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48871/2023

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधो. विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1
भदभदा रोड भोपाल
क्र./709, 716, 724/तशा/प.यं./2023 **दिनांक : 28.07.2023**

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में इंटीरियर/रेनोवेशन कार्य एवं गुना जिले में बाह्य पुताई कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक (1) 2023_MPPHC_294320_1 (2) 2023_MPPHC_294321_1 (3) 2023_MPPHC_294933_1 (4) 2023_MPPHC_294935_1 दिनांक 10.08.2023 एवं (5) 2023_MPPHC_294585_1 दिनांक 16.08.2023 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक खरीदे जा सकते है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111112/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48876/2023

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
ग्वालियर (म.प्र.) पिन-474011

[जिला पंचायत कैंपस ठाठीपुर ग्वालियर कार्यालय फोन नं. 0751-2232466
Email ID - eeresgwalior@mp.gov.in]

क्रमांक 1760/ग्रायासे/ई-निविदा/2023 **ग्वालियर, दिनांक : 21.07.2023**

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण
सूचना - 01/RES/DIV/GWL/2023-24

निम्नलिखित कार्यों हेतु म.प्र. सरकार के केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत अथवा अन्य समकक्ष/समतुल्य श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण इस प्रकार है -

कार्य क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम/स्थान	कार्य की अनु. लागत (लाख में)	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	निविदा का आमंत्रण
1.	2023_ RES_ 293130_1	नवीन जिला पंचायत परिसर सिरोल ग्वालियर में पेवर ब्लॉक रोड निर्माण कार्य जिला ग्वालियर पिनकोड-474006 RES SOR inforced from date 11.04.2022 with upto date ammendment.	10.127	03 माह	प्रथम

रु. 1012745/- (रु. दस लाख बारह हजार सात सौ पैतालीस मात्र)

1. विस्तृत निविदा सूचना विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र **दिनांक 07.08.2023** समय 10.30 AM से 16.08.2023 समय 05.30 PM तक केवल ऑनलाइन क्रय एवं सबमिट किये जा सकेंगे।
3. यदि निविदा में कोई संशोधन किया जाता है तो सिर्फ Web Portal **https://mptenders.gov.in** पर ही Publish किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-17258/48853/2023 **ग्रा.यां. सेवा संभाग ग्वालियर**

मुख्यमंत्री से उद्योगपतियों ने की भेंट

मध्यप्रदेश में निवेश और औद्योगिक इकाइयों के विस्तार के मिले प्रस्ताव

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से भोपाल में विभिन्न उद्योगपतियों ने मुलाकात की

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से फार्मा, लॉजिस्टिक पार्क, खाद्य प्रसंस्करण, आयरन एण्ड स्टील तथा प्लास्टिक के क्षेत्र में कार्यरत उद्योग समूहों ने भोपाल स्थित मंत्रालय में भेंटकर प्रदेश में निवेश और इकाइयों के विस्तार के संबंध में चर्चा की।

मुख्यमंत्री से टीवीएस इंडस्ट्रीज एण्ड लॉजिस्टिक्स पार्क के सीईओ श्री रामनाथ सुब्रमण्यम और रीजनल हेड श्री कुशल मोतियानी ने देवास और पीथमपुर में 250 करोड़ रुपये की लागत से इंडस्ट्रियल तथा लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की। पार्क से लगभग 1000 लोगों के लिए रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में फार्मा क्षेत्र में 1300 करोड़ रुपये की लागत से तीन इकाइयां स्थापित कर चुकी इप्का लेबोरेट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अजित कुमार जैन ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट कर देवास में 470 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित हो रही फार्मा इकाई के बारे में बातचीत की। इस इकाई में लगभग 700 लोगों को रोज़गार मिलेगा।

मुरैना के सीतापुर में खाद्य प्रसंस्करण इकाई पर चर्चा

श्री चौहान से सात्विक एग्रो प्रोसेसिंग के श्री नीलेश गर्ग और श्री माणिक गर्ग ने मुरैना जिले के सीतापुर में नई खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के संबंध में चर्चा की। सात्विक एग्रो 284 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश के साथ एक लाख 44 हजार मीट्रिक टन की उत्पादन क्षमता के साथ नई इकाई स्थापित कर रही है। कम्पनी द्वारा इसके लिए भूमि अधिग्रहण कर लिया गया है। सर्वा फोम के श्री कुणाल ज्ञानी रायसेन जिले के तामोट प्लास्टिक पार्क में 100 करोड़ रुपये के निवेश के साथ रिबांडेड फोम और पालियोरेथेन फोम के लिए बुनियादी कच्चा माल बनाने की इकाई की स्थापना के प्रस्ताव और अपेक्षाओं पर चर्चा की।

मालनपुर में स्थापित होगी रेलवे वैगन इकाई

मुख्यमंत्री से हिन्दुस्तान अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के श्री राघवेन्द्र मोदी ने मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये के निवेश और लगभग 1000 लोगों को रोज़गार देने की क्षमता रखने वाली रेलवे वैगन निर्माण इकाई स्थापित करने के संबंध में बातचीत की। इसी क्रम में बैरलोकर इंडिया ऐडिटिव्स के श्री ज्येन मोदी और श्री अंकुर कुमार ने देवास में 316 करोड़ रुपये के निवेश से पीवीसी स्टेबलाइजर इकाई की स्थापना पर बातचीत की। इकाई से लगभग 150 लोगों को रोज़गार मिलेगा।

लाड़ली बहना योजना में 21 से 23 वर्ष की बहन-बेटियां भी होंगी शामिल - मुख्यमंत्री

भोपाल, राज्य शासन ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 21 से 23 वर्ष आयु की बहन-बेटियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया है। साथ ही योजना में वे बहनें भी शामिल होंगी, जिनके पास 5 एकड़ से कम जमीन है, लेकिन ट्रैक्टर होने से फोर व्हीलर के मापदंड की वजह से योजना में शामिल नहीं हो पाई हैं। इन बहनों को भी 1000 रुपये और बाद में राशि बढ़ने पर बढ़ी हुई राशि दी जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में 21 से 23 वर्ष आयु समूह की लाड़ली बहनों के साथ पौधारोपण के बाद चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनों के खाते में राशि जारी करने के लिए प्रतिमाह की 10 तारीख तय है। अगले माह 10 अगस्त को रीवा से योजना की राशि प्रदेश के सभी गांवों और वार्डों में रहने वाली लाड़ली बहनों के खाते में डाली जाएगी। इस बीच 21 से 23 साल तक की लाड़ली बहनों के रजिस्ट्रेशन का अभियान भी आरंभ हो जाएगा। बहन-बेटियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं, वे सुखी रहेंगी तो मेरा जीवन सार्थक हो जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 25 जुलाई से 5 यात्राएं आरंभ हुईं। यह सभी यात्राएं अलग-अलग गांव से गांव की माटी और नदी का जल लेकर सागर पहुंचेगी। सागर में 12 अगस्त को भगवान संत रविदास जी के मंदिर निर्माण का शिलान्यास होगा।

मुख्यमंत्री ने 21 से 23 वर्ष आयु समूह की बहन-बेटियों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में जोड़ने के प्रतीक स्वरूप बहनों के साथ पौधारोपण किया।

अधिकारी-कर्मचारियों के जीपीएफ का वार्षिक विवरण ऑनलाइन

भोपाल, राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके सामान्य भविष्य निधि लेखाओं के वर्ष 2022-23 के वार्षिक लेखा-विवरण महालेखाकार सामान्य भविष्य निधि कार्यालय की वेबसाइट www.agmp.nic.in पर ऑनलाइन उपलब्ध करा दिये गये हैं। अधिकारी-कर्मचारी अपनी सीरीज प्रविष्ट कर और एकाउंट नम्बर कॉलम में अपना सामान्य भविष्य निधि लेखा क्रमांक तथा पासवर्ड प्रविष्ट कर लेखा-विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यालय प्रधान महालेखाकार द्वारा सामान्य भविष्य निधि वार्षिक लेखा विवरण की दी गई जानकारी में बताया गया कि लेखा विवरणों में किसी विसंगति के ऑनलाइन सुधार अथवा अन्य शिकायतों के लिये अभिदाता सत्यापित विवरण सहित वेबसाइट पर Pr.Accountant General (A & E)-II में Online Services खोलकर Register Grievances (AG) में अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत का निराकरण एक माह में प्रधान महालेखाकार की निगरानी में किया जाता है। अभिदाता अपनी शिकायत दूरभाष क्रमांक 0751-2432457 और व्हाट्सएप नम्बर 8827409410 पर भी कर सकते हैं। सामान्य भविष्य निधि से संबंधित पूछे जाने वाले प्रश्न, आवश्यक आवेदन प्रारूप और अन्य फार्म भी कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

निराश्रित गौ-वंश के प्रबंधन के लिये कलेक्टर्स को निर्देश जारी

भोपाल, मध्यप्रदेश के राजमार्गों और सड़कों पर मौजूद निराश्रित गौ-वंश के प्रबंधन के संबंध में सभी कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देश में कहा गया है कि निराश्रित गौ-वंश की वजह से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान और दुर्घटनाओं से जन-धन एवं पशुधन की हानि की रोकथाम और गौ-वंश के संरक्षण के लिये व्यवस्थापन कार्य किये जायें।

निकटतम गौशालाओं में निराश्रित गौ-वंश पहुंचाएं

प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी श्री गुलशन बामरा द्वारा जारी इन निर्देशों में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित गौ-वंश को ग्राम पंचायतें अपने संसाधन अथवा स्थानीय परिवहन व्यवस्था से निकटतम गौशालाओं में पहुंचायें। नगरीय क्षेत्रों में हाइड्रोलिक/स्थानीय वाहन की व्यवस्था, नगर निगम, नगरीय निकाय या जिला माइनिंग फंड आदि में उपलब्ध राशि से की जा सकती है। राजमार्गों पर घूमने वाले निराश्रित गौ-वंश की राजमार्ग संचालन संस्था के पेट्रोलिंग वाहन से सतत निगरानी की जाये और संस्था के या स्थानीय वाहन से निकटतम गौ-शालाओं या गोठानों तक पहुंचाएं। गौ-शालाओं में पहुंचाए गए अतिरिक्त निराश्रित गौ-वंश के लिये चारा-भूसा आहार राशि मध्यप्रदेश गौ-संवर्धन बोर्ड द्वारा जिला गौ-पालन एवं पशुधन संवर्धन समितियों द्वारा 20 रुपये प्रति गौ-वंश, प्रति दिवस के मान से उपलब्ध करवाई जाएगी।

कलेक्टर्स से कहा गया है कि जहां गौ-शाला नहीं है, निराश्रित गौ-वंश को पहुंचाने के लिये अस्थाई गौ-शाला/गोठान की व्यवस्था करें। ग्राम स्तरीय गोठान में 100 गौ-वंश के लिये लगभग एक एकड़ भूमि की व्यवस्था करें। गोठान ऐसी जगह बनाएं, जहां पानी का भराव न हो, वन्य भूमि/चराई के लिये 10 एकड़ भूमि गोठान के नजदीक उपलब्ध हो, पेयजल के लिये पास में नदी-तालाब आदि हो। गोठान भूमि की यथासंभव फेंसिंग करवाएं। गोठानों के लिये गौसंवर्धन बोर्ड द्वारा 20 रुपये प्रति गौ-वंश, प्रति दिवस के मान से राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। गोठानों का संचालन स्थानीय निकायों, चयनित सेवाभावी गैर शासकीय संगठनों या स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जा सकता है।

जिला स्तरीय गोठान की भी व्यवस्था होगी

प्रत्येक जिले में 1000 गौ-वंश की क्षमता वाले जिला स्तरीय गोठान की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। लगभग 10 एकड़ पर बनने वाले यह गोठान भी ऐसी जगह बनेंगे, जहां पानी का भराव न हो, चराई के लिये 50 से 100 एकड़ भूमि गोठान के नजदीक उपलब्ध हो, पेयजल के लिये नजदीक में तालाब-नदी आदि हों, गोठान भूमि की यथासंभव स्थाई या अस्थाई फेंसिंग करवाई जाएगी। कलेक्टर्स से कहा गया है कि गोठान के निर्माण में मनरेगा या उपयुक्त मद में अप्रारंभ गौ-शालाओं की स्वीकृति को आवश्यकतानुसार निरस्त कर 'जिला स्तरीय गोठान' के कार्य स्वीकृत किये जा सकते हैं।

लाड़ली बहना योजना भारतीय राजनीति में सामाजिक क्रांति - मुख्यमंत्री

सीहोर, लाड़ली बहना योजना भारतीय राजनीति में एक सामाजिक क्रांति है, जो बहनों की जिंदगी बदलने के साथ ही विकास के हर क्षेत्र में मध्यप्रदेश को आगे ले जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास पर्व के तहत सीहोर जिले की भैरुंदा तहसील के गोपालपुर में जनदर्शन के बाद एक बड़ी जनसभा में ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने गोपालपुर टप्पा से जुड़े पटवारी हल्के और गांव को मिलाकर गोपालपुर को तहसील बनाने, लगभग दो दर्जन ग्रामीण मार्गों की लंबाई बढ़ाने, गोपालपुर के मजरे-टोलों में विद्युत क्षमता के विस्तार और नई गौ-शालाओं के निर्माण की घोषणा की।

श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री की तरह नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य के रूप में सरकार चलाई है। उन्होंने कहा कि 'मैं भांजे-भांजियों का मामा होने के नाते स्वाभाविक रूप से बहनों का भाई हूं और हमेशा बहनों को मजबूत बनाने के लिए कार्य करता रहता हूं। बहनों को जरूरत पर निकट संबंधी सौ-दो सौ रुपये देने के लिए बहाने बनाते हैं, बहनों को बच्चों के सामने मजबूर होते देखा है। लाड़ली बहना योजना बनाने के पीछे मेरा मकसद बहनों को घर, परिवार और समाज में मजबूत करना है।'

श्री चौहान ने कहा कि ये 1000 रुपये नहीं बहनों के स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक हैं। फिर से पोर्टल खोल दिया गया है, जिससे 21 साल उम्र और ट्रैक्टर वाले परिवारों की बहनें भी योजना में शामिल हो सकें। श्री चौहान ने कहा कि आज उनकी सवा करोड़ बहनें हैं, उनके जीवन में इससे ज्यादा संतुष्टि कुछ भी नहीं हो सकती। अभी बहनों को प्रतिमाह 1000 रुपये देने में साल भर में 15 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। लेकिन बहनें चिंता न करें, उनका भाई खजाने में पैसा आते ही बहनों की राशि धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपये करके ही दम लेगा। बहनों को गरीब नहीं रहने देंगे। बहनों को स्व-सहायता समूह से जोड़कर विभिन्न कामों में लगाकर उनकी मासिक आमदनी कम से कम 10 हजार रुपये महीना करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी जितनी भी योजनाएं हैं वे गरीब, महिला, वंचित और किसानों को खुशहाल बनाने के लिए हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर में जनसभा को संबोधित करते हुये

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जो विकास दिख रहा है वह पिछली सरकारों के 50 साल में भी नहीं हुआ। सड़कें हों, स्वास्थ्य हो, खेतों और घर के लिए पानी हो, शिक्षा हो, हर क्षेत्र में सरकार ने उपलब्धि अर्जित की है। किसान अब पहले से अधिक सशक्त हुआ है। हमने जीरो प्रतिशत ब्याज पर किसानों को लोन दिया है, तो पिछली सरकार की गलत नीतियों से डिफाल्टर हुए किसानों का 2200 करोड़ का ब्याज भी हमारी सरकार ने भरा है। प्रधानमंत्री किसानों को हर साल 6 हजार देते हैं और अब उनकी सरकार भी 6 हजार रुपये देगी, जिससे किसान के खाते में अब हर साल 12 हजार रुपये आयेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में

संविदा कर्मियों की सेवा शर्तों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा पर अमल करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने विभिन्न विभागों में संविदा पर नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों की सेवा शर्तों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। साथ ही विभागों से कहा गया है कि इन दिशा-निर्देशों के अनुरूप अपने प्रशासकीय सेटअप तथा भर्ती नियमों में आवश्यक परिवर्तन कर नियमों का पालन किए जाना सुनिश्चित किया जाए।

नवीन जारी निर्देशों में कहा गया है कि मध्यप्रदेश शासन के विभागों के अंतर्गत आने वाले निगम, मंडल, सार्वजनिक उपक्रम, स्थानीय निकाय, विश्वविद्यालय, आयोग, विकास प्राधिकरण, बोर्ड, परिषद, संस्थाएं इन दिशा-निर्देशों को अपने संविदा कर्मियों के लिए लागू करने के संबंध में अपने स्तर पर समुचित निर्णय लेने के लिए सक्षम होंगे।

संविदाकर्मियों को मिलेंगे लाभ

दिशा-निर्देश में संविदा अधिकारियों/ कर्मचारियों को नियमित पदों पर नियुक्ति के अवसर, उनकी सेवा काल में मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति, संविदा पदों की नियमित पदों से समकक्षता का निर्धारण, उनके पारिश्रमिक का पुनर्निर्धारण एवं वार्षिक वृद्धि, अवकाश स्वीकृति, उनके साथ अनुबंध निष्पादन, उनके आश्रितों को उपादान भुगतान, उन्हें राष्ट्रीय पेंशन योजना का लाभ, उनका सेवा मूल्यांकन एवं उनके विरुद्ध कार्यवाहियों से संबंधित प्रावधान, उन्हें स्वास्थ्य बीमा लाभ तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों को सम्मिलित किया गया है।

संत रविदास की परिकल्पना के अनुरूप सबको भोजन और आवास दिया जा रहा है - मुख्यमंत्री

सिंगरौली, संत शिरोमणि रविदास जी ने ऐसे राज की परिकल्पना की थी जहां हर व्यक्ति को भरपेट भोजन मिले और सभी का कल्याण हो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में ऐसी ही शासन व्यवस्था स्थापित की है, जिसमें हर व्यक्ति के लिए भरपेट भोजन, रहने के लिए मूलभूत सुविधाओं से युक्त पक्का आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य की व्यवस्था की गई है। हर व्यक्ति का कल्याण किया जा रहा है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास उनका मूल मंत्र है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगरौली जिले के बैढ़न से संत रविदास समरसता यात्रा का शुभारंभ करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सिंगरौली जिले में संत रविदास समरसता यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी भारतीय संत परंपरा के शिरोमणि थे जिन्होंने सामाजिक सद्भाव, समरसता और समानता का मंत्र दिया। उन्होंने जात-पात, छुआछूत और कुप्रथाओं का कड़ा विरोध किया। वे परोपकारी, दयालु और मृदुभाषी थे। वे चर्म शिल्पी थे और जो कमाते थे दीन-दुखियों में बाँट देते थे, इस कारण पिता ने उन्हें घर से निकाल दिया था, परंतु उनका जन्म भक्ति और परोपकार के लिए था। वे समरसता के अग्रदूत थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों की रक्षा की।

मैंने संत रविदास जी की जयंती पर 8 फरवरी को सागर में घोषणा की थी कि वहां 102 करोड़ रुपये की लागत से संत रविदास जी का भव्य मंदिर और स्मारक बनाया जाएगा, जो समाज को शांति, सद्भाव और समरसता का संदेश देगा। समाज में संत रविदास के संदेश और जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रदेश भर में समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो 12 अगस्त को सागर पहुंचेंगी।

श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित रथ प्रदेश के 46 जिलों और 53 हजार गांवों से होकर निकलेंगे, जिनमें हर गांव की मिट्टी और 315 नदियों का जल शिलान्यास स्थल पर ले जाया जाएगा। रथ में स्वामी रविदास की पादुका, चित्र और कलश होंगे, जिनका जगह-जगह पूजन किया जाएगा। रथ पर सामाजिक समरसता के संदेश उल्लेखित है।

श्री चौहान ने कहा कि संत रविदास कहते थे 'ऐसा चाहूं राज में, जहां मिले सबन को अन्न, छोटे-बड़े सब सम बसें रविदास रहे प्रसन्न।' उनकी इस शिक्षा का हमारी सरकारें अक्षरश: पालन कर रही हैं। सरकार गरीबों को नि:शुल्क अन्न दे रही है, सबके लिए पक्के आवास और इलाज की व्यवस्था की गई है। मजदूरी करने आने वालों के लिए 5 रुपये में भरपेट भोजन की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फेरी वालों और छोटे-मोटे काम करने वालों को किसी को बैठकी देने की जरूरत नहीं है, वे निर्भय होकर अपना कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास की शिक्षा के अनुरूप प्रदेश में सबकी खुशहाली के लिए कार्य हो रहे हैं। बहनों को सशक्त बनाया जा रहा है। लाड़ली बहना योजना बहनों के आत्म-सम्मान की योजना है। इसकी राशि को धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह तक किया जाएगा। प्रदेश में सबके लिए शिक्षा की व्यवस्था की गई है। बच्चों को शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए हर संभव सहायता दी जा रही है। प्रशिक्षण के साथ रोजगार के लिए सीखो-कमाओ योजना शुरू की गई है। प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है और 50 हजार पदों पर और भर्ती होगी।

श्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पहली सरकारों में अनुसूचित जाति के लिए बजट प्रावधान 286 करोड़ होता था, जबकि हमारी सरकार में यह 26000 करोड़ रुपये हो गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, आश्रम शाला, स्कॉलरशिप और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। रोजगार के लिए संत रविदास स्वरोज़गार योजना में एक लाख से 50 लाख तक का ऋण सरकार अपनी गारंटी पर दिलवा रही है। भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण और सावित्रीबाई फुले स्व-सहायता योजना संचालित हैं। भोपाल में संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जा रहा है।

काशी से आये संत श्री भैयालाल भगत सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी के स्मारक में उनकी जन्म-स्थली का पवित्र जल का उपयोग होना हमारे लिये सौभाग्य का विषय है। उन्होंने गुरू रविदास जी की समरसता एवं समाज कल्याण के संदेशों का उल्लेख किया।

दूधी सिंचाई परियोजना से किसानों की समृद्धि के खुलेंगे द्वार - मुख्यमंत्री

नर्मदापुरम, किसानों के कल्याण में मैं कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। दूधी सिंचाई परियोजना से किसानों की समृद्धि के द्वार खुलेंगे। लाड़ली बहनों को मजबूर नहीं मजबूत बनाया जा रहा है। मेरा बनखेड़ी से पुराना नाता है। मैं बचपन से ही यहां आता रहा हूं। मैंने वादा किया था कि दूधी नदी पर बांध बनाया जाएगा, वह पूरा हो रहा है। मुझे बनखेड़ी क्षेत्र का बहुत प्यार मिला है। मैं वही कर्जा चुकाने आया हूं। दूधी नदी पर 2631 करोड़ रुपये से बांध बनेगा, जिससे इस क्षेत्र के खेतों को पानी मिलेगा और किसानों के घर में खुशहाली आएगी। दूधी नदी पर बांध तो बनेगा ही, डोकरीखेड़ा डैम भी बनाया जाएगा। बनखेड़ी के दो मुख्य मार्ग भी उच्च गुणवत्ता के बनाये जायेंगे। क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। पिपरिया बस स्टैंड का भी निर्माण किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदापुरम में 2631 करोड़ 74 लाख रुपये लागत की दूधी सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विकास के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। सड़कों का जाल बिछाया गया है। पूर्व में किसानों को साल में एक फसल लेना मुश्किल होता था। अब दो ही नहीं तीन फसल ली जा रही हैं। मूंग की तीसरी फसल की खरीदी भी सरकार द्वारा की जा रही है।

दूधी परियोजना

नर्मदापुरम जिले की बनखेड़ी तहसील के ग्राम धड़ाव पड़ाव के समीप निर्मित होने वाली दूधी सिंचाई परियोजना किसानों की समृद्धि का द्वार खोलेगी। दूधी नदी पर 162 मीटर लम्बाई एवं 38 मीटर ऊंचाई के बांध का निर्माण कराया जायेगा। इस निर्मित जलाशय से 55 हजार 410 हेक्टेयर अर्थात एक लाख 36 हजार 921 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना के निर्माण के लिये 2631 करोड़ 74 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। परियोजना के निर्माण से नर्मदापुरम जिले के 92 ग्रामों की 30 हजार 410 हेक्टेयर भूमि एवं छिंदवाड़ा जिले के 113 ग्रामों की 25 हजार हेक्टेयर भूमि क्षेत्रफल में भूमिगत पाइप प्रणाली से 2.50 हेक्टेयर तक पानी उपलब्ध होगा, जिससे किसानों द्वारा स्प्रिंकलर/ड्रिप लगा कर सिंचाई की जा सकेगी। भूमिगत पाइप लाइन प्रणाली बनाये जाने से नहर के लिये स्थाई भू-अर्जन नहीं होगा। स्थाई भू-अर्जन बांध, पम्प हाउस के लिये किया जायेगा। इस पद्धति से सिंचाई होने पर किसानों को खेत समतल करने की आवश्यकता नहीं होगी। कम पानी में अधिक उपयोगी सिंचाई प्रणाली का लाभ मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बहनों की जिंदगी बनाने का कार्य किया जा रहा है। बहनों को मजबूर नहीं मजबूत बनाया जा रहा है। पहले बेटा-बेटी में फर्क किया जाता था। मैंने मुख्यमंत्री बनने के बाद लाड़ली लक्ष्मी योजना और कन्या विवाह/ निकाह योजना बनाई। लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह 1000 रुपये बहनों के खाते में पहुंच रहे हैं। आने वाले समय में यह राशि 3000 रुपये महीने तक हो जाएगी। बहनों के लिए सम्पत्ति की रजिस्ट्री में स्टाम्प शुल्क 1 प्रतिशत है। पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में बहनों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इतना ही नहीं स्व-सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को मजबूत किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि किसानों के हित में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। किसान सम्मान निधि की राशि अब 12 हजार की गई है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना जैसी अनेक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25 हजार की राशि दी गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में

शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, कटनी, छतरपुर, पिपरिया एवं इटारसी में

एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006, 9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अटेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

कौशल भारत मिशन के 08 गौरवशाली वर्ष

'स्किल इंडिया' से आसान हुईं रोज़गार/स्वरोज़गार की राहें

किसी भी कार्य को पूर्ण करने के लिए स्किल की जरूरत होती है। स्किल एक ऐसा शब्द है, जिसमें किसी कार्य को करने के लिए आवश्यक ज्ञान, दक्षता और क्षमता का समावेश होता है। मनुष्य में स्किल उसके जीवन और उसके कार्य अनुभवों के आधार पर विकसित होते हैं और इन्हें अध्ययन करके, प्रशिक्षण प्राप्त करके सीखा भी जा सकता है। कौशल कई प्रकार का हो सकता है और कुछ लोगों में उनकी निपुणता, शारीरिक क्षमता और बुद्धि के आधार पर इन्हें बड़ी जल्दी भी सीखा जा सकता है। स्किल या कौशल के बगैर किसी भी ज्ञान को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सकता है। छोटे से छोटे ज्ञान के प्रयोग के तौर पर सफल बनाने के लिए कौशल का होना आवश्यक है। देश की सबसे बड़ी शक्ति युवाओं की शिक्षा और उनके कौशल विकास में होती है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक भारत दुनिया का ऐसा देश है जहां सबसे ज्यादा युवा रहते हैं। इस समय देश की 27 फीसदी से ज्यादा आबादी युवा है। 15 से 24 साल के बीच आयु वर्ग वालों को युवा माना जाता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कौशल विकास हेतु कई पहल शुरू की गई हैं। उन्हीं में से एक अहम मिशन का नाम है स्किल इंडिया मिशन। इस मिशन के तहत विश्व युवा कौशल दिवस पर 15 जुलाई, 2015 को भारत की सबसे बड़ी कौशल प्रमाणन योजना 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' यानी PMKVY शुरू की गई थी। इस योजना के आठ वर्ष पूरे हो गए हैं, योजना की शुरुआत से लेकर अब तक लगभग 1.37 करोड़ उम्मीदवारों ने इसके अंतर्गत प्रशिक्षण हासिल किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि भारत विश्व के लिए कुशल कार्यबल उपलब्ध कराने वाला विश्व का सबसे बड़ा देश बन सकता है। भारत सरकार के इन तमाम प्रयासों और देश के युवाओं की मेहनत से साफ होता है कि देश इसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

PMKVY-4.0 से लाखों युवा बनेंगे कौशलवान

संसद में केंद्रीय बजट 2023-24 प्रस्तुत करते हुए यह जानकारी दी गई थी कि अगले तीन वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 शुरू की जाएगी। ऑन जॉब प्रशिक्षण, उद्योग साझेदारी और उद्योग की जरूरतों के साथ पाठ्यक्रमों के संरेखन पर जोर दिया जाएगा। यह योजना इंडस्ट्री 4.0 जैसे कोडिंग, एआई (कृत्रिम बुद्धिमता), रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोनों और सॉफ्ट स्किल जैसे नये युग के पाठ्यक्रमों को शामिल करेगी। युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के लिए कौशल प्रदान करने हेतु अलग-अलग राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा।

बजट प्रस्तुत करते समय यह भी घोषणा की गई थी कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत तीन वर्षों में 47 लाख युवाओं को वृत्तिका सहायता प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण शुरू किया जाएगा। इसके अलावा यह भी बताया गया था कि डिजिटल क्षेत्र में युवाओं को दक्ष बनाने के लिए एकीकृत स्किल इंडिया डिजिटल प्लेटफार्म शुरू किया जाएगा। जिसका मकसद मांग-आधारित औपचारिक कौशल को सक्षम करना, एमएसएमई सहित नियोक्ताओं के साथ जुड़ना और उद्यमिता योजनाओं तक पहुंच को आसाना बनाना है।

- **राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना:** NAPS यानी नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के तहत अप्रेंटिसशिप के अवसरों से भी देश के युवाओं के कौशल में बढ़ावा मिला है। केंद्र सरकार ने 2016 में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की थी। अप्रेंटिसशिप प्रदान करने वाले 28 हजार से भी ज्यादा प्रतिष्ठान देश में कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं। अप्रेंटिसशिप नियम 1992 में सुधार के परिणामस्वरूप प्रशिक्षुओं के नामांकन में भी वृद्धि दर्ज की गई है जिसके तहत अभी तक विभिन्न उद्योगों से 12 लाख से अधिक प्रशिक्षुओं को भी जोड़ा जा चुका है। सरकार द्वारा अप्रेंटिसशिप प्रदान करने वाले संस्थानों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है।
- **जन शिक्षण संस्थान (JSS) :** बाजार की जरूरतों के मुताबिक प्रासंगिक कौशलों की पहचान कर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने 'जन शिक्षण संस्थान' खोले हैं। इन संस्थानों में आज स्किल और अपस्किलिंग के माध्यम से पारंपरिक कौशल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे गैर साक्षर और नव साक्षरों को कौशल प्रशिक्षण एवं 8वीं कक्षा तक के उम्मीदवार तथा 12वीं कक्षा तक के ड्रॉपआउट को भी स्किल्स सिखाई जाती हैं ताकि वह जीविकोपार्जन कर अपने परिवार का और अपना पेट भर सकें। बता दें कि देशभर में ऐसे लगभग 300 से भी अधिक जन शिक्षण संस्थान काम कर रहे हैं। पूर्व शिक्षा को मान्यता प्रदान कर असंगठित क्षेत्र में लगभग 65 लाख लोगों का री-स्किल और अप-स्किल किया गया है।

मध्यप्रदेश में सीखने के साथ-साथ कमाई भी

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना शुरू की गई है। योजना में 18 से 29 वर्ष के युवा पात्र हैं। मध्यप्रदेश के स्थायी निवासी योजना का लाभ ले सकते हैं। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण को 8 हजार रुपये, आईटीआई उत्तीर्ण को 8 हजार 500, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रुपये, स्नातक या उच्च शिक्षित को 10 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। योजना में युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिये चिन्हित कार्य-क्षेत्र में विनिर्माण क्षेत्र, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, प्रबंधन, मार्केटिंग, होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म, ट्रावल, अस्पताल, रेलवे, आईटी सेक्टर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बैंकिंग, बीमा, लेखा, चार्टर्ड अकाउंटेंट, मीडिया, कला, कानूनी और विधि सेवाएं, शिक्षा एवं प्रशिक्षण सहित 800 से अधिक सेवा क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठान भागीदारी करेंगे। इसमें सभी प्रकार के उद्योग, व्यापारिक प्रतिष्ठान, सर्विस सेक्टर आदि को शामिल किया गया है। पोर्टल पर युवा अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार गतिविधि चुन सकेंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना स्किल डिमांड और स्किल सप्लाय के बीच के गैप को मिटाकर भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह योजना युवाओं और व्यावसायिक संस्थानों दोनों के लिए ही समान रूप से उपयोगी और लाभकारी होगी। इस योजना में अब तक लगभग 3 लाख 58 हजार से ज्यादा युवाओं ने पंजीयन करवा लिया है।

तेजस्वी कार्यक्रम

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों में उद्यमी विश्वास एवं कौशल विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किये गये तेजस्वी कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए बहुपक्षीय एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। यह एमओयू आयुक्त लोक शिक्षण, राज्य ओपन स्कूल एवं सहयोगी संस्था उद्यम लर्निंग फाउंडेशन और द एजुकेशन एलायंस के बीच हस्ताक्षरित किया गया है। तेजस्वी कार्यक्रम के तहत छात्रों को विद्यालयीन समय से ही नवीन उद्योगों और स्व-व्यवसाय की जानकारी प्रदान की जायेगी। इसके लिए पृथक पाठ्यक्रम भी विकसित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में उद्यमी विश्वास और 21वीं सदी के कौशल विकसित करना है ताकि वे जीवन की चुनौतियों के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। प्रायोगिक तौर पर यह कार्यक्रम अभी प्रदेश के दो महानगरों भोपाल और इंदौर के शासकीय विद्यालयों की कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ किया जा रहा है जिसे भविष्य में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के मध्य संपूर्ण प्रदेश में संचालित किया जा सकेगा। तेजस्वी एमपी कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल और इंदौर के 301 शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं के लगभग 44,780 विद्यार्थी तथा तेजस्वी एमपी सामाजिक और व्यावसायिक नवाचार चैलेंज कार्यक्रम में इन्हीं दो नगरों के 176 विद्यालयों के 11वीं कक्षा के 22,738 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

- मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड एजुकेशनल सर्विसेस के सहयोग से लगभग 1500 करोड़ से ज्यादा की लागत से 34 एकड़ में संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क बनाया जा रहा है, जिसमें 6 हजार युवाओं को मेकाट्रॉनिक्स, ऑटोमेटिव टेक्नोलॉजी, प्रिसिजन इंजीनियरिंग और नेटवर्क सिस्टम जैसे 09 क्षेत्रों में 60 ऊन्नत प्रयोगशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। पार्क में शैक्षणिक स्थान, छात्रावास और खेलकूद सुविधाओं के साथ-साथ उद्योग जगत को समर्पित अत्याधुनिक प्रशिक्षण लैब और उत्कृष्टता केन्द्र होंगे, जो प्रशिक्षणार्थियों को सीखने और कमाने के लिए समुचित पर्यावरण उपलब्ध करेंगे।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये - सामान्य ज्ञान खेल

1. **जापान ने किस वर्ष फीफा महिला फुटबॉल वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) वर्ष 2011 (ब) वर्ष 2015
(स) वर्ष 2019 (द) इनमें से कोई नहीं
2. **रियान मर्फी तैराकी में किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) इटली (ब) अमेरिका
(स) ब्रिटेन (द) स्पेन
3. **भारत ने इनमें से किस खेल में अब तक ओलिंपिक पदक नहीं जीता है?**
(अ) हॉकी (ब) निशानेबाजी
(स) तीरंदाजी (द) भारोत्तोलन
4. **टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में किस बल्लेबाज ने सबसे ज्यादा छक्के लगाए हैं?**
(अ) मार्टिन गुप्टिल (ब) क्रिस गेल
(स) जोस बटलर (द) रोहित शर्मा
5. **इनमें से किस क्लब ने इस वर्ष इंग्लिश प्रीमियर लीग का खिताब जीता है?**
(अ) टॉटनहम
(ब) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(स) मैनचेस्टर सिटी
(द) लिवरपूल
6. **जर्मनी ने किस देश को हराकर इस वर्ष एफआईएच पुरुष वर्ल्डकप जीता है?**
(अ) मलेशिया (ब) द. कोरिया
(स) नीदरलैंड (द) बेल्जियम
7. **वर्ष 2023 में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई?**
(अ) उज्बेकिस्तान (ब) क्यूबा
(स) सर्बिया (द) हंगरी
8. **इस वर्ष मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की विजेता बनी हैं?**
(अ) मिशेल ली
(ब) अकाने यामागुची
(स) पीवी सिंधु
(द) इनमें से कोई नहीं
9. **आईसीसी ने मई 2023 माह के लिए किस खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार से नवाजा है?**
(अ) हैरी टेक्टर (ब) फखर जमान
(स) कुशल मेंडिस (द) स्टीव स्मिथ
10. **वर्ष 2025 में किस देश में शीतकालीन एशियाई खेल आयोजित किए जायेंगे?**
(अ) जापान (ब) द. कोरिया
(स) कजाकिस्तान (द) चीन
11. **लीग-1 किस देश की सबसे बड़ी घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता है?**
(अ) जर्मनी (ब) स्पेन
(स) फ्रांस (द) डेनमार्क
12. **वर्ष 2014 में किस रेसर ने फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप अपने नाम की थी?**
(अ) मैक्स वर्स्टपेन
(ब) लुईस हैमिल्टन
(स) निको रोसबर्ग
(द) चार्ल्स लेकलर्क
13. **औबेदुल्ला खां कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किस शहर में किया जाता है?**
(अ) भोपाल (ब) कानपुर
(स) हैदराबाद (द) लखनऊ
14. **इस वर्ष किस खिलाड़ी ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) बोर्ना कोरिक
(ब) डेविड फेरर
(स) डेनिल मेदवेदेव
(द) एलेक्जेंडर बुबलिक
15. **किस पुरुष टेनिस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं?**
(अ) रोजर फेडरर
(ब) राफेल नडाल
(स) नोवाक जोकोविच
(द) रॉय इमरसन
16. **इनमें से किस देश के नाम टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) इंग्लैंड
(स) पाकिस्तान (द) श्रीलंका
17. **लुका मोड्रिक किस देश की फुटबॉल टीम के कप्तान हैं?**
(अ) ब्राजील (ब) सर्बिया
(स) क्रोएशिया (द) आइवरी कोस्ट
18. **वर्ष 2023 में एशियन बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पुरुष एकल चैम्पियन बने हैं?**
(अ) लोह कीन यीव
(ब) एंथोनी गिंटिंग
(स) चेन लॉन्ग (द) लक्ष्य सेन
19. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?**
(अ) राशिद खान
(ब) लसिथ मलिंगा
(स) मिशेल स्टार्क
(द) संदीप लामिछाने
20. **आईसीसी ने किस खिलाड़ी को जून 2023 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है?**
(अ) वानिंदु हसरंगा (ब) स्टीव स्मिथ
(स) सिकंदर रजा (द) बेन स्टोक्स
21. **सैम केर किस देश की दिग्गज महिला फुटबॉलर हैं?**
(अ) कोलंबिया (ब) इंग्लैंड
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) अमेरिका
22. **भारत ने कितनी बार एशियाई खेलों में फुटबॉल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार
(द) इनमें से कोई नहीं
23. **बिंदियारानी देवी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) भारोत्तोलन (ब) तलवारबाजी
(स) हॉकी (द) नौकायन
24. **इनमें से किस देश ने वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप-2022 में सबसे ज्यादा पदक जीते हैं?**
(अ) भारत (ब) तुर्की
(स) जापान (द) अमेरिका
25. **भारत की पुरुष हॉकी टीम के मौजूदा कप्तान हैं?**
(अ) मनप्रीत सिंह
(ब) सरदार सिंह
(स) हरमनप्रीत सिंह
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (द), 5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (अ), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (द), 15. (स), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (द), 20. (अ), 21. (स), 22. (ब), 23. (अ), 24. (द), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

सिविल सर्विस परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी का साक्षात्कार

निरंतर प्रयास से जय ने पूरा किया सिविल सर्विस का सपना

ये कह के दिल ने मिरे हौसले बढ़ाए हैं, गमों की धूप के आगे खुशी के साए हैं

मशहूर शायर माहिर-उल-कादरी की यह पंक्तियां मध्यप्रदेश के बैतूल के रहने वाले जय बारंगे पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं, जिन्होंने विपरीत हालात में भी खुद को कमजोर नहीं होने दिया और परिवार के साथ ने उन्हें मजबूती के साथ थामकर रखा। तभी तो कोरोना के वैश्विक संकट में अपने पिता को खोने के बावजूद भी जय अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटे और अपने परिवार के सहयोग से अपने पिता के देखे सपने को पूरा कर दिया।

सिविल सर्विस परीक्षा में जय ने 587वीं रैंक प्राप्त की है। सिविल सर्विस परीक्षा में सफलता के अपने सफर और संघर्ष के बारे में जय बारंगे ने 'रोज़गार और निर्माण' से बातचीत की...

परिचय

नाम	-	जय बारंगे
पद	-	आईपीएस
रैंक	-	587
उम्र	-	25 वर्ष
पिता	-	स्व. सुभाष बारंगे
माता	-	श्रीमती संगीता बारंगे
पता	-	खंजनपुर, बैतूल
आभार	-	ईश्वर, अपने माता-पिता, बहन समेत पूरे परिवार के प्रति आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हर कदम पर मेरा साथ दिया और इस कामयाबी को हासिल करने में मुझे सहयोग दिया।
शिक्षा	-	हाईस्कूल - आरडी पब्लिक स्कूल, बैतूल हायर सेकेंडरी - आरडी पब्लिक स्कूल, बैतूल स्नातक - बी.एससी. फिजिक्स, एक्सीलेंस कॉलेज भोपाल स्नातकोत्तर - एमए जियोग्राफी, एक्सीलेंस कॉलेज भोपाल
ताकत	-	अपनी क्षमता, आत्मविश्वास और शिक्षा पर भरोसा।
रुचि	-	फुटबाल खेलना, फिल्में देखना।
अन्य	-	असिस्टेंट कमांडेंट 2022 की परीक्षा में उत्तीर्ण।
उपलब्धियां	-	जेआरएफ जियोग्राफी में उत्तीर्ण।

■ **अपने अब तक के सफर के बारे में बताइए?**

□ मैंने 12वीं तक की शिक्षा बैतूल शहर के आरडी पब्लिक स्कूल में प्राप्त की। वर्ष 2015 में 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद मैं भोपाल आ गया। यहां मैंने एक्सीलेंस कॉलेज से फिजिक्स से बीएससी पूरा किया। 2018 में बीएससी पूरा करने के बाद मैं यूपीएससी की तैयारी में जुट गया। 2019 में मैंने पहली बार सिविल सर्विस की परीक्षा दी थी। मैंने लगातार चार साल तक यूपीएससी परीक्षा की तैयारी की। 2021 में कोरोना की वजह से मेरे पिता सुभाष बारंगे जो बैतूल में ही शिक्षक थे, उनकी मृत्यु हो गई। पिता की मृत्यु के बाद रिश्तेदार समेत कई लोगों का यही कहना था कि पिता की जगह अनुकम्पा नियुक्ति लेकर अपने घर की जिम्मेदारी संभालूं। ऐसे मुश्किल वक्त में मेरी बड़ी बहन खुशबू बारंगे, छोटी बहन श्रेया बारंगे, जीजाजी, मेरी मां संगीता बारंगे समेत परिवार ने मुझे हौसला दिया कि नौकरी की चिंता मत करो, तुम तैयारी करो। मेरे पिता का भी सपना था कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं। इसलिए पिता के सपने को पूरा करने के लिए मैं एक बार फिर पूरी लगन के साथ परीक्षा की तैयारी में जुट गया।

■ **आपने वैकल्पिक विषय के रूप में किस विषय का और क्यों चुनाव किया?**

□ सिविल सर्विस की तैयारी के लिए मैंने मुख्य विषय के रूप में जियोग्राफी का चयन किया। इसलिए मैंने एमए भी जियोग्राफी विषय से किया।

■ **परीक्षा की तैयारी के लिए आपका स्टडी मटेरियल कौन सा था? उसे आपने कहां से चुना?**

□ मैंने किताबें, मैग्जीन, ऑनलाइन लैक्चर, वेबसाइट आदि का प्रयोग अध्ययन के लिए किया। राजनीति विज्ञान के लिए लक्ष्मीकांत की किताब पढ़ी। करेंट अफेयर्स के लिए समाचार पत्र और करेंट अफेयर्स मैग्जीन को पढ़कर उन्हें अपने उत्तरों में शामिल करने का प्रयास किया। इतिहास के लिए एक्टप्रम और एनसीईआरटी की किताब का अध्ययन किया। कला एवं संस्कृति के लिए नितिन सिंघानिया, अर्थशास्त्र के लिए करेंट अफेयर्स के लिए मॉड्यूल पढ़े। मेरा मुख्य विषय भूगोल था तो उसे ज्यादा पढ़ना था, इसलिए 6वीं से लेकर 12वीं तक की एनसीईआरटी की किताबों का अध्ययन किया।

■ **इस परीक्षा में बैठने का विचार कहां से आया? इसके लिए प्रेरणा आपको कहां से मिली तथा सहयोग कहां से प्राप्त हुआ?**

□ मुझे हमेशा से ही अपने आसपास मौजूद समस्याओं को पहचानकर उनका समाधान तलाशना अच्छा लगता था। सिविल सर्विस हमें हमारे आसपास मौजूद समस्याओं का समाधान करने का वह अवसर देता है। हम अपने कार्य द्वारा समाज में बदलाव ला सकते हैं। प्रेरणा की बात करूं तो मेरी बुआ की बेटी श्वेता पवार जो भोपाल में एडिशनल कलेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें कार्य करते हुए देखकर मुझे निरंतर प्रेरणा मिली कि सिविल सर्विस में जाना है। उन्होंने भी हमेशा मुझे इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

■ **इस कठिन परीक्षा को पास करने में आपने किस तरह की चुनौतियों का सामना किया?**

□ मैंने जब पहली बार यूपीएससी की परीक्षा 2019 में दी थी, तब मेरा चयन नहीं हुआ। मेरे पिता की मृत्यु जब हुई उस वक्त भी प्रीलिम्स में मेरा तीसरा प्रयास था और वह कुछ नंबर के अंतर से रह गया था। इसलिए निजी तौर पर लगातार मिल रही असफलता और पिता को खोने के बाद परिवार के सहयोग की वजह से ही मैं अनुकम्पा नियुक्ति की नौकरी को चुनने के बजाय भोपाल आकर वापस तैयारी में जुट गया। यह मेरा चौथा प्रयास था साथ ही मैंने पहली बार मेन्स और इंटरव्यू भी क्लियर किया।

■ **परीक्षा की रणनीति कैसे तैयार की?**

□ तैयारी के दौरान सबसे पहले मैंने सभी चीजों को बारीकी से समझा। मैं हर रोज अपने लिए टारगेट बनाता था और उसे हर हाल में पूरा करता था। मैंने इस दौरान यह भी जाना कि मेरी स्ट्रेंथ क्या है, किस विषय में मुझे अधिक तैयारी की जरूरत है और किस विषय में कम। इस प्रकार मैंने अपने लिए मैप तैयार किया। तैयारी के दौरान मैंने प्रश्नों के उत्तर अपने तरीके से बनाने शुरू किए, ताकि वे अच्छी तरह से समझ आए और याद भी रहें। बार-बार रिवीजन करता था। अपने वैकल्पिक विषय पर अच्छे से ध्यान दिया जिसका फायदा भी इस प्रयास में अच्छे स्कोर से मिला।

■ **नियमित कितने घंटे अध्ययन किया?**

□ यह इस पर निर्भर रहा कि परीक्षा कितनी नजदीक है। परीक्षा के एक साल पहले 6-7 घंटे पढ़ता था। परीक्षा करीब है तो 10-12 घंटे पढ़ना जरूरी है और मेन्स की तैयारी के दौरान सिर्फ अपनी दिनचर्या के कुछ आवश्यक कामों को छोड़कर ज्यादातर समय सिर्फ पढ़ाई की।

■ **इस परीक्षा का शेड्यूल बहुत लंबा होता है ऐसे में आपने किन बातों का ध्यान रखा?**

□ तैयारी निश्चित ही लंबी है तो निश्चित ही हर दिन एक सा नहीं होगा। उतार – चढ़ाव हमेशा रहेंगे। ऐसे में हर दिन और समाह के लक्ष्य तय करके अध्ययन करता था। जिम, खेल सभी को अपनी दिनचर्या में जारी रखा। ताकि खुद को शारीरिक और मानसिक तौर पर फिट रखूं। सोशल मीडिया का भी लिमिटेड इस्तेमाल जैसे कुछ फनी मीम्स देखना खुद को फ्रेश रखने के लिए किया। दोस्तों से भी बातचीत करता था।

■ **खुद को अनुशासित बनाए रखने के लिए क्या किया?**

□ हमेशा अपने लक्ष्य को सामने रखा। साथ ही यह विजुलाइज करने का प्रयास करता था कि जब मेरा सलेक्शन होगा तो मुझे कितनी खुशी होगी, परिवार कितना खुश होगा। अपने पिता को खोने के बाद मेरा लक्ष्य और मजबूत हो गया क्योंकि मेरे पिता मुझे इस मुकाम पर देखना चाहते थे।

■ **कठिन और मुश्किल विषयों को याद रखने के लिए क्या प्रक्रिया अपनायी ?**

□ कठिन और मुश्किल विषयों को याद रखने के लिए नियमित रिवीजन करता था। छोटे-छोटे प्वाइंट्स दिमाग में रखता था। जब हम बार-बार पढ़ते हैं तो वैसे भी दिमाग की क्षमता बढ़ जाती है। ऐसे में फिर वे तथ्य परीक्षा हॉल में याद रहते हैं।

■ **आपने सिर्फ सेल्फ स्टडी की है, सेल्फ स्टडी के दौरान क्या कोचिंग की कमी को महसूस किया? किस तरह तैयारी की?**

□ मैंने 2019 में जब तैयारी शुरू की थी तब भोपाल में रहकर कोचिंग की थी। मेरा मानना है कि अगर आपको लगता है कि आपको कोचिंग की आवश्यकता है तो करना चाहिए क्योंकि यह आवश्यक नहीं है। लेकिन यदि आप कोचिंग करते हैं तो आपको एक सही मार्गदर्शन अवश्य मिल जाता है। कोविड के बाद से वैसे भी ज्यादातर ऑनलाइन स्टडी मटेरियल उपलब्ध हैं।

■ **नोट्स बनाने के लिए किस तरीके को अपनाया?**

□ सरल भाषा में खुद अपने लिए शॉर्ट्स नोट्स तैयार करने की रणनीति अपनायी। करेंट अफेयर्स को उनमें शामिल किया। इस तरह के नोट्स बनाए जो परीक्षा में याद रह सकें। पुराने प्रश्न पत्रों को बार-बार देखता था ताकि समझ में आए कि किस तरह से सवाल पूछे जा सकते हैं। जो परीक्षा में लिख सकूंगा वही सिलेबस के हिसाब से नोट्स बनाए।

■ **परीक्षा हॉल में आपकी क्या रणनीति थी?**

□ परीक्षा हॉल में सबसे महत्वपूर्ण होता है आत्मविश्वास, क्योंकि आप पहले से बहुत अधिक पढ़कर संघर्ष करके वहां तक जाते हैं। पूरे आत्मविश्वास के साथ सही उत्तर लिखो। घर में टेस्ट देने की तैयारी की थी, तो आत्मविश्वास बना रहा। अभ्यास काफी बना रहा।

■ **जिस तरह का मानसिक तनाव रहा, खुद को कैसे उसमें संभाला?**

□ कोरोना की त्रासदी में पिता की मृत्यु के 12 दिन बाद ही मेरे करीबी दोस्त की भी मृत्यु हो गई, जो मेरे साथ में रहता था। वो समय मेरे लिए काफी कठिन हो गया था, मुझे 4 से 5 महीने तक तो समझ ही नहीं आ रहा था कि मैं इस स्थिति से कैसे खुद को बाहर निकालूं। ऐसे वक्त में परिवार में सभी ने एक-दूसरे को संभाला, क्योंकि जो जा चुके हैं उन्हें वापस बुलाना तो संभव नहीं है। मैं किसी भी क्षण कुछ भी नहीं भुला पा रहा था। बस ऐसे में खुद को जानने के लिए समय दिया कि मैं अपनी जिंदगी में क्या करना चाहता हूं। मैंने इस पर खुद ध्यान दिया। अपने परिवार और दोस्तों का सपोर्ट लिया। कह सकता हूं कि यूपीएससी की तैयारी भी मेरे लिए उस वक्त दवा की तरह रही, क्योंकि जब मैं पढ़ता था तो कुछ सोचता नहीं था। ऐसे में ध्यान केन्द्रित करना मुश्किल होता था। पापा के सपने को पूरा करने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि पापा आज जहां भी होंगे निश्चित ही मेरी इस सफलता पर बहुत खुश होंगे।

■ **साक्षात्कार की तैयारी आपने किस तरह की ?**

□ साक्षात्कार के लिए करेंट अफेयर्स से खुद को अपडेट रखने का प्रयास किया। साथ ही ध्यान रखा कि हर सवाल जो पूछा जाए उसका जवाब हमें मालूम हो यह जरूरी नहीं है। इसलिए जो भी पता हो उसका जवाब पूरी ईमानदारी से दूंगा, झूठ नहीं बोलूंगा। मैंने अपनी कमी और ताकत दोनों का मूल्यांकन अच्छे से कर लिया था। अपने फॉर्म के हर प्वाइंट से आने वाले संभावित सवालों के जवाब तलाशे और तैयारी की। मॉक इंटरव्यू का भी सहयोग लिया, जो आत्मविश्वास बढ़ाने में मददगार होते हैं।

■ **साक्षात्कार के दौरान आपसे क्या-क्या सवाल पूछे गए?**

□ साक्षात्कार के दौरान मुझसे मेरी पृष्ठभूमि, रुचि से हटकर समसामयिकी और सामान्य ज्ञान से संबंधित काफी तकनीकी और विषय संबंधी सवाल पूछे गए। जिन पर मेरे विचार जानने का प्रयास किया गया। कुछ प्रमुख सवाल ये हैं :–

- ♦ आपने फिजिक्स में बीएससी के बाद जियोग्राफी का चुनाव मुख्य विषय के रूप में क्यों किया?
- ♦ तुर्की में आए हुए भूकंप का क्या कारण था?
- ♦ भारत की विदेश नीति वर्तमान में क्या है?
- ♦ रूस और यूक्रेन के संघर्ष से भारत क्या सीख सकता है?

■ **ध्यान भटकने से खुद को रोकने के लिए आप क्या करते थे?**

□ आज का समय ऐसा है कि मोबाइल, इंटरनेट से लेकर हमारे आसपास ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनसे ध्यान भटकता है और यह सभी के साथ होता है, लेकिन यदि आप अपना लक्ष्य बनाकर काम करेंगे और हमेशा फोकस रहेंगे तो कोई भी चीज आपका ध्यान नहीं भटका सकती। आपको बस खुद पर भरोसा रखना है। पूरी तरह मोटिवेट रहना है। मैं अपना दिन का टारगेट पूरा करने के बाद अपने परिवार, दोस्तों से बात करता था।

■ **क्या कभी इस बात का डर लगा कि अगर सलेक्शन नहीं हुआ तो क्या करेंगे?**

□ मैंने अपनी तरफ से पूरी मेहनत की थी। जो मेरी कमियां थीं उन पर भी काफी काम किया था। चूंकि इससे पहले तीन बार असफल हो चुका था, इसलिए असफलता से निश्चित ही बहुत ज्यादा डर लग रहा था, जो शायद मेरी सफलता की वजह बना। 2021 तक मैंने अपनी जिंदगी में इतनी असफलताएं देख ली थीं, कि 2022 तक से आजतक जितनी परीक्षाएं दीं जैसे यूपीएससी असिस्टेंट कमांडेंट, एमपीपीएससी की दो परीक्षाएं, जेआरएफ सभी में मुझे सफलता मिली। इतने ज्यादा फेलियर देख लिए कि 1 या 2 नंबर से चूक रहा था, ऐसे में मुझे अहसास हो गया था कि यह नॉलेज की कमी नहीं है बल्कि यह खुद को संभालने की आवश्यकता और प्रेशर हैंडल करने की बात है। ऐसे में खुद को शांत रखकर स्मार्ट एप्रोच के साथ काम किया। इस फील्ड में नहीं होता तो मुझे पढ़ाने में रुचि है, अगर इस क्षेत्र में नहीं जाता, तो एकेडमिक में अपना कैरियर बनाता या असिस्टेंट कमांडेंट होता।

■ **'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?**

□ 'रोज़गार और निर्माण' के माध्यम से मैं यह संदेश देना चाहूंगा कि यदि आपको यूपीएससी क्लियर करना है तो सबसे पहले आपको पूरी तरह इसमें खुद को झोंकना होगा। कम से कम इसके लिए आपको 3 साल का समय देना होगा। खुद पर भरोसा रखना बहुत आवश्यक है, आसपास के लोग कुछ भी कहें आपको ध्यान रखना होगा कि आपको कितने समय में इस परीक्षा को पास करना है। इस परीक्षा में सबसे ज्यादा जरूरत होती है आत्मविश्वास की। यदि आप डिसिप्लिन के साथ तैयारी करते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलती है। मेरा मानना है कि यदि आपका लक्ष्य आपके दुखों से बड़ा होगा तो निश्चित ही जीत आपकी होगी।

- सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका : समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कोविड-19 के बाद लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस में बढ़े हैं कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोविड-19 के बाद डिजिटल स्किल्स के नए दौर में लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में कॅरियर के अवसर तेजी से बढ़े हैं। यदि आपको पुस्तकें पढ़ने और सहेजने का शौक है तो लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस का कॅरियर आपके लिए मनपसंद और अच्छा कॅरियर विकल्प हो सकता है। यद्यपि सूचना क्रांति के वर्तमान दौर में गूगल ने जानकारियों को मोबाइल स्क्रीन के सहारे उंगलियों पर ला दिया है, लेकिन व्यवस्थित एवं विस्तारित रूप से ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम अब भी पुस्तकें ही हैं। लाइब्रेरी द्वारा प्रदत्त सेवाओं को अब वर्तमान में उसकी सूचना सेवाओं की भूमिका के रूप में परंपरागत प्राचीन लाइब्रेरी कार्यों से मिश्रित करते हुए लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस के नाम से पुकारा जाने लगा है।

लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस के कार्य का व्यापक क्षेत्र

लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस मात्र एक अकादमिक विषय क्षेत्र नहीं है। यह एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम है, जिसमें व्यावहारिक, प्रेक्षण तथा प्रायोगिक अध्ययन शामिल है। तेजी से उभरते इस पेशे की मांग को देखते हुए कई संस्थानों ने अपने लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस कोर्स के माड्यूल में पेशेवर बदलाव किए हैं, जैसे- सूचनाओं की प्राप्ति के लिए कम्प्यूटर तकनीक का प्रयोग। पहले की पारंपरिक तकनीकों की तुलना में आज के दौर में लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस कोर्स में आधुनिक तकनीक जैसे कि सूचना प्रबंधन एवं तकनीक, रिसर्च तकनीक, कैटलॉग और विभिन्न सेवाओं का वर्गीकरण आदि का समावेश हुआ है। लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में समय के साथ डाटा बेस मैनेजमेंट, इन्फॉर्मेशन इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे नए विषय क्षेत्र जुड़ गए हैं।

यदि हम परंपरागत लाइब्रेरी की बात करें तो हमारे मन में भारी भरकम अलमारियों या रैक में सजी किताबों के बीच बैठे किसी लाइब्रेरियन की तस्वीर उभरती है, जिसके पास किताबों का ब्यौरा रजिस्टर में दर्ज होता था और संदर्भ के लिए किताबें ढूंढने में खासी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन इंटरनेट के युग में आज वही लाइब्रेरी, इंफॉर्मेशन सेंटर के रूप में विस्तार पा चुकी हैं। यानी आज लाइब्रेरी का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है, बदलते जमाने के साथ उसने भी हाइटेक बाना पहन लिया है। पहले लाइब्रेरी का स्वरूप केवल पुस्तकों के स्टोर रूम के रूप में होता था और लाइब्रेरियन का काम भी काफी सीमित होता था, लेकिन सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान दौर में लाइब्रेरी का स्वरूप और लाइब्रेरियन का दायित्व तथा कार्यशैली पूरी तरह बदल गए हैं।

बदलते दौर में लाइब्रेरियन की नई भूमिका

उल्लेखनीय है कि लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में प्रशिक्षित व्यक्ति अथवा लाइब्रेरियन का काम पाठकों की आवश्यकता तथा जिज्ञासा के अनुसार पुस्तकों की उपलब्धि को सुनिश्चित करवाना होता है। साथ ही वह इस बात को भी सुनिश्चित करता है कि लाइब्रेरी में रखी किताबें ठीक से एक क्रम में हों, जिससे लाइब्रेरी आने वाले व्यक्तियों की पहुंच उस तक आसान हो। इसके साथ ही एक लाइब्रेरियन का काम होता है लाइब्रेरी में रखी गई अन्य सामग्रियों जैसे की पुस्तक,पत्रिका तथा अन्य डिजिटल अध्ययन सामग्री को सही एवं सुरक्षित रखना तथा उनकी उपलब्धता को सुगम एवं अनिवार्य बनाना। लाइब्रेरियन का काम पाठकों की आवश्यकता तथा जिज्ञासा के अनुसार पुस्तकों तथा अन्य अध्ययन सामग्री की उपलब्धि को सुनिश्चित करवाना होता है। इसके अलावा लाइब्रेरी के कुशल संचालन हेतु कार्ययोजना एवं बजट तैयार करना भी उसके काम का अहम् हिस्सा है।

लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में कॅरियर की स्किल्स

लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में कॅरियर बनाने के लिए कई तरह की दक्षताओं और कार्यकुशलता की आवश्यकता होती है। अब लाइब्रेरियन बनने के लिए कम्प्यूटर का ज्ञान अत्यावश्यक हो गया है। इसके अतिरिक्त इंटरनेट सर्चिंग और ऑनलाइन डाटा बेस का ज्ञान भी आवश्यक योग्यता हो गई है। तकनीक की व्यावहारिक समझ रखने के अलावा जरूरी है कि एक लाइब्रेरियन के पास संगठनात्मक पद्धति के अनुसार कार्य करने की क्षमता और उत्कृष्ट कम्युनिकेशन स्किल्स हो। जरूरी है कि वह अपने सहयोगियों के साथ शांतिपूर्ण व बेहतर ढंग से कार्य करते हुए सही सूचनाएं एकत्र कर सकें।

लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में कॅरियर के अवसर

लाइब्रेरी साइंस में कॅरियर के बहुआयामी अवसर हैं। शिक्षण में रोज़गार के तहत विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, बहुतकनीकी संस्थानों, आई.टी.आई. जैसे व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में तेजी से रोज़गार के अवसर बढ़ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में लेक्चररशिप के लिए पात्रता के निर्धारण के लिये यूजीसी नेट का भी एक विषय है। यदि कोई स्टूडेंट इस क्षेत्र में एक कॉलेज शिक्षक के रूप में प्रवेश करना चाहता है तो उसे लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। स्कूल-कॉलेज शिक्षण संस्थाओं के अलावा भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा स्थापित बड़े-बड़े निकाय सहित भिन्न-भिन्न कंपनियों तथा जिला एवं राज्य स्तर पर भी लाइब्रेरी में कॅरियर के अवसर बढ़ते जा रहे हैं। लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस से जुड़े कॅरियर के तहत कई पदों पर कार्य के अच्छे अवसर मिलते हैं। लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस के प्रोफेशनल्स लाइब्रेरी के अतिरिक्त बुक पब्लिशर वर्कर, चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर, कन्टेंट मैनेजर, डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर, इंफॉर्मेशन ब्रोकर और वेबमास्टर आदि पदों पर काम करते हुए अच्छा कॅरियर प्राप्त कर सकते हैं।

लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस से संबंधित विविध पाठ्यक्रम

भारत में ज्यादातर विश्वविद्यालय लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में बैचलर और मास्टर प्रोग्राम करवा रहे हैं। लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में उपलब्ध प्रमुख पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं- लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में प्रमाणपत्र तथा लाइब्रेरी साइंस में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमा। इन पाठ्यक्रमों की अवधि 3 से 6 माह है तथा इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या समकक्ष है। लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में डिप्लोमा तथा लाइब्रेरी साइंस में डिप्लोमा पाठ्यक्रमा इन पाठ्यक्रमों की अवधि एक वर्ष निर्धारित है तथा इन पाठ्यक्रमों हेतु शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण है। लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में बैचलर डिग्री तथा पुस्तकालय विज्ञान में बैचलर डिग्री पाठ्यक्रमा इन पाठ्यक्रमों की अवधि तीन वर्ष है। इन पाठ्यक्रमों हेतु शैक्षणिक योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण है। लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में मास्टर्स डिग्री तथा लाइब्रेरी साइंस में मास्टर्स डिग्री पाठ्यक्रमा। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु संबंधित क्षेत्र में स्नातक होना आवश्यक है। इन पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में अन्य कई पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस के कुछ पाठ्यक्रम पत्राचार माध्यम से भी किए जा सकते हैं।

कहां से करें लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस का पाठ्यक्रम

मध्यप्रदेश सहित देश के कोने-कोने में विभिन्न विश्वविद्यालयों और लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस से संबद्ध विशिष्ट संस्थानों से लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस के विभिन्न कोर्स उपलब्ध हैं। आप अपनी रूचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप उपर्युक्त कोर्स और उपयुक्त शैक्षणिक संस्था का चयन करके लाइब्रेरी साइंस/लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस में कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल

Mobile No. 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com

क्र.- मप्रपुआअविनि/485/पयं/भोपाल-02/तशा/2023

भोपाल, दिनांक 26.07.2023

प्रेस विज्ञप्ति

''स्ट्रीट लाइट पोल एवं लाइट फिक्सिंग कार्य (72+240) आवास गृह पुलिस रेडियो कॉलोनी भोपाल हेतु निविदा क्रमांक-04/2023-24 ऑनलाइन निविदा क्रमांक - MPPHCL/TENDER No. - 2023_MPPHC_294645_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 16.08.2023 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111074/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48870/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल

Mobile No. 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com

क्र.- मप्रपुआअविनि/484/पयं./भोपाल-02/तशा/2023

भोपाल, दिनांक 26.07.2023

प्रेस विज्ञप्ति

''जिला चिकित्सालय राजगढ़ का 300 से 500 बिस्तर बाह्य विद्युतीकरण का कार्य 33/0.4KV विद्युत उपकेन्द्र 02X630 KVA ट्रांसफार्मर शिरोपरि लाइन के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-03/2023-24 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. - 2023_MPPHC_294474_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 16.08.2023 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111073/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48869/2023

MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)

16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011

Telephone No. : 0755- 4853297, 0755- 4853295

Email : einc-mpbdc@mp.gov.in, ajay.nagaria@mp.gov.in

NIT No.: 2081/GM/BDC/CW/23/NIT-35 Bhopal, Dated : 28.07.2023

NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following works in various Districts of Madhya Pradesh :-

1. Construction of New Sainik School - 01 Work - 9183.62 Lakhs
2. Construction of CM Rise School - 06 Works - 15654.63 Lakhs
3. Construction of Kanya Shiksha Parisar - 03 Works - 7435.59 Lakhs

From bidders registered in M.P. PWD Department under appropriate category. Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased online only from **04.08.2023 (18:00 hrs.) to 26.08.2023 (15:30 hrs.)** from website **www.mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/111100/2023 **MANAGING DIRECTOR**

R-48874/2023

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी. महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)

E-mail : mpphcl_ujjain@yahoo.in

फोन नं. 0734-2527715, मोबा. : 9406808103

क्र. 973, 974/पय/मप्रपुहाडेकोलि/23/ उज्जैन, दिनांक : 27.07.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 08/2023-24 एवं 09/2023-24

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत **निविदा क्रमांक 08/2023-24 दिनांक 27.07.2023** के अंतर्गत आपदा प्रबंधन सामग्री एवं उपकरणों हेतु स्टोर का निर्माण कार्य, एस.डी.ई.आर. एफ. इकाई, रतलाम एवं **निविदा क्रमांक 09/2023-24 दिनांक 27.07.2023** के अंतर्गत बाउण्ड्रीवाल फेंसिंग का कार्य, खेल परिसर कनावदी, नीमच एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य, पुलिस कॉलोनी, ग्यालटोली, नीमच हेतु ऑनलाइन निविदा आई.डी क्र. 2023_MPPHC_294704, 2023_MPPHC_294705, 2023_MPPHC_294706 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 28.07.2023 17.00 बजे से** क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111094/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48872/2023

क्रिकेट एशिया कप का कार्यक्रम हुआ जारी

सिलहट, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशिया कप का कार्यक्रम जारी कर दिया है। टूर्नामेंट का पहला मैच 30 अगस्त को पाकिस्तान और नेपाल के बीच खेला जाएगा, वहीं भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतिक्षित मुकाबला 2 सितम्बर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलेगा, वहीं पाकिस्तान में 4 मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में भारत अपना दूसरा लीग मुकाबला 4 सितम्बर को नेपाल से खेलेगा। उल्लेखनीय है कि इस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी, लेकिन बीसीसीआई ने भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया। इसके बाद एसीसी ने एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल में आयोजित कराने का फैसला किया।

वर्स्टापेन ने जीती हंगरीयन ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस

बुडापेस्ट, नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन फॉर्मूला-वन रेसिंग में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन में अपना दबदबा बनाते हुए हंगरीयन ग्रां प्री रेस जीत ली है। वर्स्टापेन ने इस सत्र में कुल नौवीं और लगातार सातवीं रेस अपने नाम की है। इस रेस को वर्स्टापेन ने एक घंटा 38 मिनट 8.634 सेकेंड में पूरा किया। रेस में लेंडो नॉरिस दूसरे, सर्जियो पेरेज तीसरे, लुईस हैमिल्टन चौथे और ऑस्कर पिएस्त्री पांचवें स्थान पर रहे। वर्स्टापेन ने पिछले वर्ष भी हंगरी में फॉर्मूला-वन रेस जीती थी।

पाकिस्तान ने जीता इमर्जिंग टीम एशिया कप

कोलंबो, पाकिस्तान की जूनियर टीम ने इमर्जिंग टीम एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। कोलंबो में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान-ए ने भारत-ए को 128 रनों से हराया। मैच में पाकिस्तान-ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय गेंदबाजों के सामने जमकर रन बटोरे और निर्धारित 50 ओवरों में 352 रन बनाये। पाकिस्तान के लिए तैयब ताहिर ने 108 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने तेज शुरुआत करते हुए रन बटोरे, लेकिन मध्य के ओवरों में भारतीय पारी लड़खड़ा गई। भारतीय टीम 224 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

श्रीलंकाई क्रिकेटर लाहिरू थिरिमाने ने लिया संन्यास

कोलंबो, श्रीलंका के बल्लेबाज लाहिरू थिरिमाने ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। थिरिमाने ने सोशल मीडिया पर संन्यास की जानकारी देते हुए कहा कि देश के लिए खेलना मेरे लिए गर्व की बात है, 13 वर्ष का यह सफर शानदार रहा। थिरिमाने ने वर्ष 2010 में भारत के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था और आखिरी मैच भी भारत के खिलाफ खेला। थिरिमाने ने श्रीलंका के लिए 44 टेस्ट मैचों में 3 शतक सहित 2088 रन बनाये, वहीं 127 वन-डे मैचों में 4 शतक और 21 अर्धशतकों के साथ 3194 रन बनाये हैं।

कोरिया ओपन

सात्विक और चिराग की जोड़ी बनी चैम्पियन

येओसु, भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कोरिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीत लिया है। भारतीय जोड़ी ने टूर्नामेंट के फाइनल में इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान ऑर्डियांतो की जोड़ी को 17-21, 21-13, 21-14 से हराया।

भारतीय जोड़ी ने इससे पहले सेमीफाइनल में वेइकेंग लियांग और चेंग वांग की चीनी जोड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी को इंडोनेशियाई जोड़ी से कड़ी टक्कर मिली। मैच के पहले गेम में भारतीय जोड़ी लयहीन नजर आई और कई गलतियां कीं, जिसका फायदा इंडोनेशियाई जोड़ी ने उठाया। पहले गेम में एक समय सात्विक और चिराग की जोड़ी विपक्षी टीम से सात अंकों से पिछड़ गई थी, इसके बाद भारतीय जोड़ी ने कुछ अंक बटोरे इसके बावजूद इंडोनेशियाई जोड़ी ने 21-17 से पहला गेम जीत लिया।

पहले गेम में शिकस्त खाने के बाद भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में बेहतरीन पलटवार किया। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में जल्द बढ़त बनाते हुए इंडोनेशियाई जोड़ी को संभलने का मौका नहीं दिया और आसानी से 21-13 से गेम अपने नाम किया। तीसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी अपने रंग में नजर आई। तीसरे गेम के मध्य तक सात्विक और चिराग की जोड़ी 11-8 से आगे थी। मैच के अंतिम क्षणों में भारतीय जोड़ी ने आक्रामक खेल दिखाया और 21-14 से गेम जीतकर खिताब पर कब्जा किया।

- सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस वर्ष चौथा खिताब जीता है।
- भारत ने पहली बार कोरिया ओपन में पुरुष युगल वर्ग का खिताब जीता है।
- सात्विक और चिराग की जोड़ी राष्ट्रमंडल खेलों और थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीत चुकी है।
- यह जोड़ी बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक भी जीत चुकी है।

कोरिया ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब डेनमार्क के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन ने जीता। एंटोनसेन ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में सिंगापुर के लोह कीन येव को कड़े मुकाबले में 11-21, 21-11, 21-19 से हराया, वहीं महिला एकल वर्ग के फाइनल में दक्षिण कोरिया की आन से यंग ने ताई जू यिंग को आसान मुकाबले में 21-9, 21-15 से हराकर खिताब जीता।

सुमित नागल ने जीता टाम्पेरे ओपन

टाम्पेरे, भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने फिनलैंड में आयोजित टाम्पेरे ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। सुमित ने टूर्नामेंट के फाइनल में चेक गणराज्य के डेलिबोर सिवरसिना को लगातार सेटों में 6-4, 7-5 से हराया। मैच में सुमित की शुरुआत खराब रही। सुमित एक समय पहले सेट में 1-4 से पिछड़ रहे थे, इसके बाद सुमित ने वापसी की और यह सेट 6-4 से जीत लिया। इसके बाद दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई और सुमित ने एक बार फिर रोमांचक अंदाज में जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों से बाहर हुए पहलवान रवि दहिया

नई दिल्ली, टोक्यो ओलिंपिक के रजत पदक विजेता पहलवान रवि कुमार दहिया इस वर्ष चीन में खेले जाने वाले एशियाई खेलों से बाहर हो गए हैं। नई दिल्ली में एशियाई खेलों के लिए खेले गए ट्रायल्स में 57 किलोग्राम भारवर्ग में रवि को आतिश टोडकर के हाथों 20-8 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ रवि एशियाई खेलों से बाहर हो गए। 57 किलोग्राम भारवर्ग के ट्रायल्स में अमन सहरावत विजेता बने। अब अमन एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईसीसी ने हरमनप्रीत कौर पर लगाया दो मैचों का प्रतिबंध

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को बांग्लादेश दौरे पर अभद्र व्यवहार के चलते दो मैचों के लिए निलंबित किया है। हरमनप्रीत पर विकेट को नुकसान पहुंचाने और अंपायरों की आलोचना करने के कारण यह कार्यवाही की गई है।

आईसीसी ने एक बयान जारी कर कहा कि हरमनप्रीत कौर को आईसीसी की आचार संहिता के दो अलग-अलग उल्लंघन के लिए अगले दो अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए निलंबित किया गया है। आईसीसी ने इसके अलावा हरमनप्रीत पर मैच फीस का 75 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। इस निलंबन का मतलब है कि हरमनप्रीत अब चीन में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों के शुरुआती दो मैचों में नहीं खेल सकेंगी।

बांग्लादेश के खिलाफ खेली गई वन-डे सीरीज के तीसरे मैच में गेंदबाज नाहिदा

अख्तर की गेंद पर अंपायर ने हरमनप्रीत कौर को एलबीडब्ल्यू आउट करार दिया। इस फैसले से हरमनप्रीत नाराज हो गईं। हरमनप्रीत का दावा है कि गेंद उनके बल्ले के निचले हिस्से में लगी। इसके बाद हरमनप्रीत ने स्टंप्स में बल्ला मार दिया और अंपायर से बहस की। मैच के बाद भी हरमनप्रीत ने अंपायरों के फैसले की आलोचना की। हरमनप्रीत का यह व्यवहार आईसीसी की आचार संहिता का उल्लंघन है।

बारिश के कारण ड्रॉ हुआ दूसरा टेस्ट, भारत ने जीती सीरीज

पोर्ट ऑफ स्पेन, भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच बारिश के कारण बिना किसी नतीजे के खत्म हो गया। इसके बावजूद भारतीय क्रिकेट टीम ने टेस्ट सीरीज 1-0 से अपने नाम की है। इससे पहले भारत ने पहला टेस्ट मैच पारी और 141 रन से जीता था।

मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (80) और यशस्वी जायसवाल (57) ने एक बार फिर शतकीय साझेदारी कर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 139 रन जोड़े। इसके बाद विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने टेस्ट करियर का 29वां शतक जमाते हुए 121 रनों की पारी खेली। विराट के बाद रविंद्र जडेजा (61) और रविचंद्रन अश्विन (56) ने भी उपयोगी पारी खेल भारतीय पारी

को 438 रन तक पहुंचाया।

इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी कर वेस्टइंडीज को पहली पारी में 255 रन पर समेट दिया। दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 24 ओवरों में 2 विकेट खोकर 181 रन बनाकर पारी घोषित की और वेस्टइंडीज को 365 रनों का लक्ष्य दिया। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज का स्कोर 76 रन पर 2 विकेट था, तभी बारिश के कारण मैच रोकना पड़ा। बारिश के कारण मैच के पांचवें दिन खेल रद्द हो गया और मैच को ड्रॉ घोषित किया गया।

राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से पीछे हटा विक्टोरिया

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया राज्य वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से पीछे हट गया है। विक्टोरिया सरकार ने मेजबानी के अनुमानित खर्चों में बढ़ने की वजह से प्रतियोगिता के आयोजन में असमर्थता जताई है। विक्टोरिया सरकार ने शुरुआत में पांच शहरों (गिलॉन्ग, बेडिंगो, गिप्सलैंड, शेपार्टन और बेल्लारत) में खेलों के आयोजन के लिए दो अरब 60 करोड़ ऑस्ट्रेलियन डॉलर का बजट रखा था, लेकिन नये अनुमान के अनुसार अब इस आयोजन की संभावित लागत सात अरब ऑस्ट्रेलियन डॉलर तक पहुंच गई है। राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने अब नए सिरे से राष्ट्रमंडल खेल के आयोजन की कवायद शुरू करने का फैसला किया है। अहमदाबाद शहर राष्ट्रमंडल खेल-2026 की मेजबानी करने के दावेदारों में शुमार है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

ई-स्पोर्ट्स जूनियर चैम्पियनशिप

मध्यप्रदेश में एक अगस्त से होगी आयोजित

भोपाल, मध्यप्रदेश में देश के पहले ई-स्पोर्ट्स अकादमी के टैलेंट सर्च के लिये होने वाले ई-स्पोर्ट्स जूनियर चैम्पियनशिप को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक लगभग 28 हजार से ज्यादा युवाओं ने पंजीयन कराया है। यह चैम्पियनशिप 1 से 10 अगस्त तक होगी।

युवा ई-स्पोर्ट्स एथलीटों को इस चैम्पियनशिप में उनकी रैंकिंग के आधार पर अकादमी में प्रवेश मिलेगा। प्रदेश के युवाओं के लिये 80 प्रतिशत सीट तथा राज्य के बाहर के युवाओं के लिये 20 प्रतिशत सीट निर्धारित हैं। चयनित युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले गेम्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अकादमी में युवा ई-स्पोर्ट्स एथलीट को चैम्पियन गेमर्स बनने के प्रशिक्षण के साथ ही कंटेन्ट क्रिएटर, कास्टर्स, टूर्नामेंट ऑपरेटर्स, कोडर्स, डाटा एनालिस्ट, गेम डेव्हलपर्स आदि के रूप में

कॅरियर बनाने का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप ही नीतियां बनाई गई हैं। भारत लगभग 630 मिलियन गेमर्स के साथ वैश्विक रूप से ई-स्पोर्ट्स पॉवर हाउस बनने के लिये तैयार है। प्रदेश में स्थापित होने वाली देश की पहली अकादमी होगी, जिसमें युवाओं को विभिन्न गेमिंग के प्रशिक्षण के साथ शिक्षा भी दी जाएगी। इससे युवा न सिर्फ पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे बल्कि वे अपना पेशेवर कॅरियर भी बना सकेंगे।

चैंपियनशिप का प्रारूप

ई-स्पोर्ट्स जूनियर चैम्पियनशिप में 12 से 17 वर्ष के युवा bit.ly/mpopenregistrations लिंक पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवा 2 कैटेगरी में 'ओपन' और 'प्रोफेशनल' में सहभागिता कर सकते हैं। युवा टीम के रूप में अथवा व्यक्तिगत स्पर्धा के लिये अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवाओं को एसएमएस अथवा व्हाट्सएप पर पंजीयन की जानकारी दी जाएगी। व्यक्तिगत पंजीकृत युवाओं को समूह में तथा टीम को स्वतंत्र एंट्री दी जाएगी। अकादमी के चयनित खिलाड़ियों का नाम चैम्पियनशिप खत्म होने के 2 सप्ताह के बाद घोषित किया जाएगा।

सामयिकी

• स्पेन चुनाव परिणाम •

किसी दल को नहीं मिला स्पष्ट बहुमत

स्पेन में घोषित चुनाव परिणाम में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाने के कारण देश राजनीतिक गतिरोध की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। चुनाव में पॉपुलर पार्टी (पीपी) को सर्वाधिक मत मिले, लेकिन बड़ी जीत हासिल करने और प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज को सत्ता से हटने के लिये मजबूर करने की उसकी उम्मीदें पूरी नहीं हो सकीं। इसकी बजाय, उम्मीदवार अल्बर्टो नुनेज फीजू की अगुवाई वाली पार्टी पीपी ने अपेक्षा से खराब प्रदर्शन किया।

भले ही सांचेज की 'स्पेनिश सोशलिस्ट्स वर्कर्स पार्टी' चुनाव में दूसरे स्थान पर रही, लेकिन उसने और उसके सहयोगियों ने परिणाम पर खुशी जताई, क्योंकि उनके गठबंधन को पीपी और दक्षिणपंथियों से अधिक मत मिले। जिस गठबंधन के सांचेज को समर्थन देने की संभावना है, उसके पास कुल 172 सीट हैं, जबकि फीजू समर्थक गठबंधन ने 170 सीट पर जीत हासिल की है। राजनीतिक विश्लेषक वेरोनिका कुमानल ने कहा कि पॉपुलर पार्टी जीत के बावजूद सरकार बनाने में असमर्थ है।

राष्ट्रीय रोज़गार मेला

आपका एक छोटा सा प्रयास किसी के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकता है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न

- **आज, भारत उन देशों में से है, जिनका बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है।**
- **हाल की नीति आयोग की रिपोर्ट में पाया गया है कि पिछले 5 वर्षों में 13 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है।**
- **पिछले 9 वर्षों में सरकार ने कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जहां लगभग 1.5 करोड़ युवाओं को पीएम कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित किया गया है।**

सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्तियों के लिए 70,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान देश भर के 44 स्थान मेले से जुड़े रहे। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज़ादी के अमृत काल में प्रत्येक नागरिक ने भारत को 'विकसित भारत' बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अगले 25 वर्ष नई भर्तियों और देश के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने हाल के वर्षों में विश्व से भारत की दिशा में प्रदर्शित विश्वास, महत्व और आकर्षण का अधिकतम लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होंने अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में भारत के उदय को रेखांकित किया क्योंकि यह बहुत शीघ्रता से विश्व की 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारत विश्व की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने जा रहा है, जैसा कि अधिकांश अर्थव्यवस्था विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, विश्व की शीर्ष 3 अर्थव्यवस्था बनना भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी, उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि इससे हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आम नागरिकों की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भर्ती किए जाने के लिए आज से बेहतर समय नहीं हो सकता क्योंकि नए अधिकारियों को अमृत काल में देश की सेवा करने का सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने सुझाव दिया कि उनकी प्राथमिकताएं देश के लोगों की सेवा करना और जीवन जीने की सुगमता बढ़ाने के लिए उनके मुद्दों का समाधान करना होना चाहिए, साथ ही खुद को विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप जोड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, आपका एक छोटा सा प्रयास किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने दोहराया कि आम लोग ईश्वर के रूप हैं और उनकी सेवा करना स्वयं भगवान की सेवा करने जैसा है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नियुक्त होने वाले नए लोगों को दूसरों की सेवा करने के विश्वास के साथ काम करना चाहिए जिससे कि संतुष्टि की सबसे बड़ी भावना को प्रकट किया जा सके।

बैंकिंग क्षेत्र की चर्चा करते हुए, जिसमें आज के कार्यक्रम में अच्छी संख्या में भर्तियां हुईं, प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था के विस्तार में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका को रेखांकित किया। श्री मोदी ने पिछले नौ वर्षों की यात्रा को याद करते हुए कहा, आज, भारत उन देशों में से है, जिनका बैंकिंग सेक्टर सबसे मजबूत माना जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल की नीति आयोग की रिपोर्ट में पाया गया है कि पिछले 5 वर्षों में 13 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया गया है। उन्होंने इसमें सरकारी सेवकों की कड़ी मेहनत की सराहना की और पक्के मकान, शौचालय और बिजली कनेक्शन की योजनाओं का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब ये योजनाएं गरीबों तक पहुंचीं तो उनका मनोबल भी बढ़ा। यह सफलता इस बात का प्रतीक है कि अगर हम सब मिलकर भारत से गरीबी हटाने के प्रयास बढ़ा दें तो भारत से गरीबी पूरी तरह समाप्त हो सकती है और निश्चित रूप से देश के प्रत्येक सरकारी कर्मचारी की इसमें बड़ी भूमिका है।

कंबोडिया आम चुनाव

प्रधानमंत्री हुन सेन ने किया भारी जीत का दावा

कंबोडिया के लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहे हुन सेन की सत्तारूढ़ पार्टी ने आम चुनाव में भारी जीत का दावा किया। मतदान समाप्त होने के छह घंटे बाद, राष्ट्रीय चुनाव समिति ने कहा कि 84.6 प्रतिशत पात्र मतदाताओं ने मतदान किया है। हुन सेन की कंबोडियन पीपुल्स पार्टी के प्रवक्ता सोक एयसन ने कहा कि उनका मानना है कि उनकी पार्टी ने कुल मतदान के 78-80 प्रतिशत मत हासिल किये हैं। हुन सेन पहली बार सन् 1985 में देश के प्रधानमंत्री बने थे।

चुनाव में यूरोपीय संघ, अमेरिका और अन्य पश्चिम देशों ने यह कह कर अपने पर्यवेक्षकों को भेजने से इनकार कर दिया था कि निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिये आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं किया गया है। रूस, चीन और गिनी-बिसाऊ ने अपने पर्यवेक्षकों को कंबोडिया भेजा है।

हुन सेन ने देश की राजधानी नोम पेन्ह के बाहरी इलाके में स्थित अपने गृह जिले में मतदान केन्द्र पर मतदान किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र के बाहर अपने समर्थकों से हाथ मिलाया और 'सेल्फी' भी ली। एशिया के सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले सत्तर वर्षीय नेता हुन सेन की मजबूत रणनीति के कारण पिछले 38 साल में उनकी ताकत लगातार बढ़ी है, लेकिन उन्होंने इस बार चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री पद अपने सबसे बड़े बेटे हुन मानेट को सौंपने की घोषणा की है।

दक्षिण कोरिया ने

बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

दक्षिण कोरिया ने अपने हथियारों के जखीर में इजाफा कर लिया है। उसने हथियारों से लैस नये युद्धपोतों के लिये एक नई तरह

- **दक्षिण कोरिया की हयूनू-V का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करने की योजना।**
- **मिसाइल आसानी से दुश्मन के अंडरग्राउंड कमांड सेंटर को निशाना बना सकती है।**

की बैलिस्टिक मिसाइल को टेस्ट किया है। इस कदम को उत्तर कोरिया की तरफ से मिलने वाली चुनौतियों का जवाब माना जा रहा है। डिफेंस पोस्ट की तरफ से इस महीने आई रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की गई थी कि दक्षिण कोरिया ने इस साल की शुरुआत में हयूनू-V बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया इस साल हयूनू-V का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करने की योजना बना रहा है। उसका लक्ष्य हर साल 70 मिसाइलों और 200 यूनिट्स के उत्पादन का है। इस मिसाइल को हनवा ओशिन की तरफ से तैयार किये जा रहे ज्वॉइंट स्ट्राइक शिप पर फिट किया जायेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि हयूनू-वी दक्षिण कोरिया के हयूनू बैलिस्टिक मिसाइल की सीरीज में लेटेस्ट है। इसकी अधिकतम रेंज 3,000 किलोमीटर है और यह आठ टन का बारूद ले जा सकती है। मिसाइल आसानी से दुश्मन के अंडरग्राउंड कमांड सेंटर और बाकी जगहों को निशाना बना सकती है। मिसाइल की स्पीड मैक 10 यानी 12348 किलोमीटर प्रति घंटा तक है।



हयूनू-V मिसाइल को भूकंप शक्ति से लैस किया गया है। इसका मतलब हुआ कि यह मिसाइल आर्टिफिशियल भूकंप के जरिये सुरंगों को भी ढहा सकती है। दक्षिण कोरिया की ज्वॉइंट स्ट्राइक शिप के एक मॉडल को पिछले महीने बुसान में एक आयोजन MADEX में सबके सामने लाया गया था। दक्षिण कोरिया का यह युद्धपोत केडीडीएक्स श्रेणी के डेस्ट्रॉयर पर बेस्ड है। इसमें 100 से ज्यादा मिसाइलें फिट करने का लक्ष्य दक्षिण कोरिया ने तय किया है।

जापान ने कहा

चीन ने हमला किया तो हम देंगे ताइवान का साथ

चीन के साथ चल रहे तनाव के बीच जापान ने बहुत बड़ा बयान दिया है। जापानी रक्षामंत्री इनो तोशिरो ने चेतावनी दी है कि

- **जापानी रक्षामंत्री ने कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो उनका देश ताइपे की मदद करेगा।**

अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो उनका देश ताइपे की मदद करेगा। जापान का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब ताइवान और चीन के बीच तनाव बहुत बढ़ता जा रहा है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक जापान ने कभी भी यह



बताने से परहेज किया था कि अगर चीन, ताइवान पर हमला करता है तो जापान उस पर क्या प्रतिक्रिया देगा। जापान के रक्षा मंत्री इनो तोशिरो ने कहा, यदि दुनियाभर के लोगों में यह इच्छाशक्ति होगी कि ताइवान को समर्थन किया जाये, ठीस उसी तरह से जैसे रूसी हमले के दौरान यूक्रेन का समर्थन किया जा रहा है, तो इस बात की पूरी संभावना होगी कि हम भी ताइवान की कुछ मदद कर सकते हैं।

जापानी मंत्री ने कहा, मैं अभी इस मौके पर सुनिश्चित नहीं हूं कि यह हथियार या लॉजिस्टिक सपोर्ट का समर्थन होगा। जापानी मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शासनकाल में ताइवान पर हमले का खतरा बढ़ता रहा है।

पुतिन से मिले बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने क्रेमलिन में मुलाकात की। क्रेमलिन रूस के राष्ट्रपति का कार्यालय है। वैगनर ग्रुप के असफल विद्रोह के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात है। यह मुलाकात ऐसे समय में हो रही है, जब क्रेमलिन ने दो दिनों पहले ही कहा था कि बेलारूस के खिलाफ किसी भी तरह की आक्रामकता को रूस पर हमला माना जायेगा। यहां लुकाशेंको ने पुतिन से कहा है कि बेलारूस में मौजूद वैगनर लड़ाके वर्सोय (पोलैंड की राजधानी) की तरफ बढ़ना चाहते हैं। यहां उन्होंने पुतिन को पोलैंड का नक्शा दिखाया और उसके करीब सैन्य मौजूदगी की सूचना दी। वहीं, राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि यूक्रेन का जवाबी हमला फेल हुआ है।

रूस की तरफ से हाल ही में बयान आया था कि वह पोलैंड और लिथुआनिया के बीच के बॉर्डर सुवालकी कॉरिडोर पर वैगनर लड़ाकों के जरिए हमला कर सकता है। इस वॉर्निंग के बाद पोलैंड ने अपने सैनिकों को सीमा के पास तैनात कर दिया है। बेलारूस में भी वैगनर ग्रुप के लड़ाके सीमा के करीब ही मौजूद हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।